वर्ष : 33 | अंक : 138 | पृष्ठ : 8 | मुंबई, शनिवार, 3 अगस्त 2024 | RNI: MAHHIN/49994/91 | मूल्य : 3 रुपए | epaper.dobajedopahar.com | संपादक : अरुण लाल

दो बजे
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है
दोपहर

चक दे इंडिया !

पेरिस ओलंपिक 2024

52 साल में भारत की ऑस्ट्रेलिया पर ओलंपिक में पहली जीत

10 अंकों के साथ भारत पूल बी में दूसरे स्थान पर रहा। क्वार्टर फाइनल में उसका सामना पूल ए की तीसरे नंबर की टीम से होगा

एजेंसी । पेरिस

भारतीय हॉकी टीम ने ओलंपिक में 52 साल बाद ऑस्ट्रेलिया पर ऐतिहासिक जीत दर्ज की। पहले ही क्वार्टर फाइनल में जगह बना चुकी हरमनप्रीत सिंह की टीम ने पूल बी के अपने अंतिम मैच में शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया को 3-2 से पराजित किया। भारत ने इससे पहले ऑस्ट्रेलिया को 1972 म्यूनिख खेलों में पराजित किया था। वहीं सिडनी ओलंपिक 2000 में 2-2 से ड्रॉ खेला था। टोक्यो ओलंपिक में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को पूल चरण में 7-1 से हराया था।

दो मिनट में दो गोल

भारतीय टीम ने शानदार शुरुआत करते हुए पहले ही क्वार्टर में दो मिनट के भीतर दो गोल दागकर ऑस्ट्रेलिया पर दबाव बना दिया। अभिषेक ने 12वें मिनट में खूबसूरत मैदानी गोल दागा तो अगले ही मिनट में कप्तान हरमन ने पेनाल्टी पर गोल कर भारत का स्कोर 2-0 कर दिया। ऑस्ट्रेलिया के लिए दूसरे क्वार्टर में क्रेग थॉमस (25वें मिनट) ने गोल कर स्कोर 1-2 कर दिया। हालांकि इसके सात मिनट बाद ही हरमनप्रीत (32वें मिनट) ने एक और पेनाल्टी को गोल में तब्दील कर भारत का स्कोर 3-1 कर दिया। ब्लैक गोवर्स (55वें मिनट) ने गोल कर स्कोर 2-3 कर दिया।

श्रीजेश बने दीवार

टोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता भारत के लिए श्रीजेश सही मायने में 'दीवार' साबित हुए। उन्होंने कई गोल बचाए। तो पहली बार ओलंपिक खेल रहे डिफेंडर जरमनप्रीत सिंह और फॉरवर्ड अभिषेक ने विरोधी के रसूख से विचलित हुए बिना बेखौफ हॉकी खेली।

न्यूज ब्रीफ

डॉक्टर पत्नी की हत्या कर पति ने की आत्महत्या

मुंबई। गोरेगांव के जवाहर नगर इलाके में शुक्रवार को डॉक्टर पत्नी की हत्या कर पति ने इमारत से कूदकर आत्महत्या कर ली है। गोरेगांव पुलिस स्टेशन की टीम ने दोनों शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं। इस दंपत्ति का बेटा दिल्ली में रहता है, पुलिस ने उसे घटना की जानकारी दे दी है। पुलिस के अनुसार शुक्रवार को सुबह करीब साढ़े पांच बजे जवाहर नगर के टोपीवाला माल के पास एक व्यक्ति के इमारत से कूदने की सूचना मिली। मौके पर तत्काल पुलिस पहुंची और घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाया लेकिन डॉक्टरों ने व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया। उस व्यक्ति की पहचान किशोर पेडणेकर के रूप में हुई। छानबीन करने पर गोरेगांव पुलिस को पता चला कि किशोर पेडनेकर वसई में एक निजी कंपनी में काम करते थे, जबकि उनकी पत्नी राजश्री पेडनेकर फिजियोथेरेपिस्ट है।

कांग्रेस विधायक सहित आठ लोगों पर मामला दर्ज

मुंबई। मुंबई पुलिस ने झुग्गी पुनर्वास प्राधिकरण (एसआरए) के अधिकारियों को बांद्रा में सर्वेक्षण करने से रोकने के लिए कांग्रेस विधायक जीशान सिद्दीकी और सात अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना बृहस्पतिवार दोपहर बांद्रा पूर्व के ज्ञानेश्वर नगर में हुई। पुलिस अधिकारी ने कहा, 'जब सर्वेक्षण किया जा रहा था, विधायक जीशान सिद्दीकी और सात अन्य लोगों ने अधिकारियों को अपना काम करने से रोका।' उन्होंने कहा कि एसआरए अधिकारियों द्वारा दायर एक शिकायत के आधार पर लोक सेवकों को उनके कर्तव्य के निर्वहन में बाधा डालने के आरोप में सिद्दीकी और अन्य के खिलाफ खेरवाड़ी पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया है और घटना की जांच चल रही है। सिद्दीकी मुंबई में बांद्रा पूर्व विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं और वह पहली बार विधायक बने हैं। उनके पिता बाबा सिद्दीकी ने बांद्रा पश्चिम निर्वाचन क्षेत्र का तीन बार प्रतिनिधित्व किया है। वह पहले कांग्रेस में थे, लेकिन इस साल की शुरुआत में उपमुख्यमंत्री अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) में शामिल हो गए।

अवैध टेलीफोन एक्सचेंज का भंडाफोड़

ठाणे। महाराष्ट्र आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने ठाणे जिले में एक अवैध टेलीफोन एक्सचेंज का भंडाफोड़ किया, जो अंतरराष्ट्रीय कॉल को स्थानीय कॉल के रूप में पेश कर सकता था। मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि ऐसी आशंका है कि भिवंडी में संचालित अवैध टेलीफोन एक्सचेंज का इस्तेमाल आतंकवादी गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए किया गया हो। उन्होंने कहा कि एक्सचेंज पिछले डेढ़ साल से संचालित हो रहा था। और दूरसंचार विभाग (डीओटी) के अधिकारियों को संदेह है कि इससे सरकार को तीन करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान हुआ है।

शहरों के नए नाम पर 'सुप्रीम' मुहर

औरंगाबाद और उस्मानाबाद का नाम बदलने पर सुप्रीम कोर्ट की मुहर, आपत्ति वाली याचिका खारिज

जून, 2021 में उद्धव ठाकरे ने दोनों शहरों के नाम बदले थे, इसके बाद जुलाई 2022 में एकनाथ शिंदे ने इसकी पुष्टि की

अमित बृज । मुंबई/नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र में दो शहरों के नाम बदलने के फैसले पर अपनी मुहर लगा दी है। राज्य की एकनाथ शिंदे सरकार के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने नामों पर आपत्ति को लेकर दाखिल हुई याचिका को खारिज कर दिया है। राज्य सरकार ने महाराष्ट्र के औरंगाबाद जिले का नाम बदलकर छत्रपति संभाजीनगर किया है। इसी प्रकार से सरकार ने उस्मानाबाद का नामा धाराशिव किया है। उद्धव ठाकरे जब राज्य के मुख्यमंत्री थे तब उन्होंने भी इन दोनों जिलों के नाम रखने के बाद में नोटिफिकेशन जारी किया था, हालांकि बाद में मुख्यमंत्री बने एकनाथ शिंदे ने भी जिलों के नाम को बदलने के फैसले को बरकार रखा था।

क्या क्या हुआ था?: छत्रपति संभाजीनगर और धाराशिव के नाम से जाने जाने वाले इन जिलों का नाम आधिकारिक तौर पर जून 2021 में उद्धव ठाकरे के नेतृत्व महा विकास अघाड़ी (एमवीए) सरकार ने बदला था और इसके बाद जुलाई 2022 में एकनाथ शिंदे सरकार ने इसकी पुष्टि की थी। बाद में शिंदे सरकार ने आधिकारिक तौर पर इन नामों को दोनों जिलों में लागू किया था। मुख्यमंत्री ने दोनों डिप्टी सीएम के साथ वहां पर दौरा किया था और राजस्व के रिकॉर्ड में नाम बदल दिया था।

सुप्रीम कोर्ट की कड़ी टिप्पणी

सुप्रीम कोर्ट ने नाम बदलने को लेकर सरकार के फैसले पर सवाल खड़े वाली याचिका को खारिज करते हुए कठोर टिप्पणी की। जस्टिस हृषिकेश राय और जस्टिस एसवीएन भट्टी की पीठ ने कहा कि क्षेत्र विशेष में रहने वाले लोगों के बीच सहमति और असहमति हमेश रहती है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि नाम बदलना सरकार का अधिकार है। वह ऐसा कर सकती है। कोर्ट में जब जस्टिस हृषिकेश राय ने सुनवाई की तब उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद का नाम बदलकर प्रयागराज करने का मामला भी उठा। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया है कि ऐस ही मामला लंबित है। सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता की दलील नहीं मानी और कहा कि बॉम्बे हाईकोर्ट का आर्डर तर्कसंगत है। इसे क्यों गलत ठहराया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद औरंगाबाद और उस्मानाबाद नाम अब इतिहास हो जाएंगे। महाराष्ट्र के दोनों शहर आधिकारिक तौर पर छत्रपति संभाजी नगर और धाराशिव के तौर पर पहचाने जाएंगे।

खतरे की घंटी

पृथ्वी से दूर जा रहा चांद

एजेंसी । वाशिंगटन

चंद्रमा सदियों से पृथ्वी के ऊपर अंतरिक्ष में मौजूद है। वर्षों से हम कहानियों में या फिल्मों में चंदा मामा के कई किस्से सुनते आ रहे हैं चांद न सिर्फ हमारी धरती का उपग्रह है, बल्कि इसका हमारे साथ भावनात्मक रिश्ता भी है। वैज्ञानिकों ने अब चांद को लेकर डराने वाली चेतावनी जारी की है। एक रिसर्च के मुताबिक, चांद हमारी धरती से लगातार दूर जा रहा है। भविष्य में इसके कई दुष्प्रभाव देखने को मिल सकते हैं। यह आने वाले समय को बदल कर रख देगा। वैज्ञानिकों ने यह भी बताया कि चांद हर साल धरती से 3.8 सेमी दूर जा रहा है।

क्या है वजह ?

इस घटना का मुख्य कारण पृथ्वी और चंद्रमा के बीच गुरुत्वाकर्षण और दोनों पिंडों के ज्वारीय बल से संबंधित है। विश्वविद्यालय में भूविज्ञान के प्रोफेसर स्टीफन मेयर्स ने कहा, जैसे-जैसे चंद्रमा दूर होता जा रहा है, पृथ्वी एक घूमते हुए स्केटर की तरह हो जाती है, जिसकी गति धीमी हो रही है।

चंद्रमा पृथ्वी से लगभग 3 .8 सेंटीमीटर प्रति वर्ष की दर से जा रहा है दूर

विस्कॉन्सिन-मैडिसन विश्वविद्यालय की एक टीम ने 90 मिलियन वर्ष पुराने चांद को लेकर बड़ी चेतावनी जारी की है। रिसर्च में बताया गया है कि चंद्रमा पृथ्वी से लगभग 3 .8 सेंटीमीटर प्रति वर्ष की दर से दूर जा रहा है और इसका हमारे ग्रह पृथ्वी पर बहुत प्रभाव पड़ रहा है। इसका परिणाम यह होगा कि 200 मिलियन वर्षों में पृथ्वी पर दिन 25 घंटे तक चलेगा। अध्ययन से पता चलता है कि 1.4 बिलियन वर्ष पहले पृथ्वी पर एक दिन 18 घंटे चलता था लेकिन, चंद्रमा के लगातार पृथ्वी से दूर जाने की वजह से दिन का समय लगातार बढ़ रहा है।

पहले भी होते रहे हैं दावे

गौरतलब है कि चंद्रमा के पृथ्वी से दूर जाने की रिसर्च कोई नई खोज नहीं है। वैज्ञानिक दशकों से इस तरह के दावे करते रहे हैं। लेकिन, विस्कॉन्सिन-मैडिसन विश्वविद्यालय ने बाकायदा उल्कापिंडों और चंद्रमा के अध्ययन के बाद सबूतों के आधार पर यह पुष्टि की है कि चंद्रमा हर वर्ष पृथ्वी से दूर जा रहा है। बता दें कि चंद्रमा और पृथ्वी पर समय की अपनी गति है। चांद पर एक दिन पृथ्वी के 14 दिनों के बराबर होता है। इसके अलावा चांद पर दिन के वक्त तापमान बहुत अधिक रहता है और रात में उतना ही अधिक ठंडा भी। चांद के दक्षिणी ध्रुव समेत अंधेरी जगहों पर रात के वक्त तापमान -200 डिग्री तक चला जाता है। जबकि दिन के वक्त तापमान 100 डिग्री से ऊपर रहता है।

कल्याण में घाटकोपर जैसा हादसा

भरभरा कर गिरा विशालकाय होर्डिंग, 2 घायल

दोपहर संवाददाता । कल्याण

ठाणे जिले के कल्याण शहर में शुक्रवार को भारी बारिश के बीच एक विशालकाय होर्डिंग गिरने से हड़कंप मचा गया। कल्याण के सहजानंद चौक पर लगी होर्डिंग आज सुबह 10 बजकर 18 मिनट पर अचानक गिर गई। सौभाग्य से घटना में किसी की जान नहीं गई। हालांकि इस हादसे में दो लोगों के घायल होने और तीन वाहनों के क्षतिग्रस्त होने की खबर है।

होर्डिंग का मलबा हटाया गया

सहजानंद चौक कल्याण शहर का एक व्यस्त चौराहा है। होर्डिंग गिरने से भीषण जाम लग गया है। सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची. अब सड़क पर से होर्डिंग का मलबा हटा दिया गया है।

कैसे हुआ हादसा?

कल्याण के सहजानंद चौक पर बारिश और तेज हवा के दौरान 20 बाय 15 फूट की होर्डिंग गिरने से हादसा हो गया। इसके बाद इस जगह पर भीषण जाम लग गया। कल्याण पश्चिम में सहजानंद चौक काफी भीड़भाड़ वाला और ट्रैफिक वाला इलाका है। हादसे वाली जगह पर सड़क के एक तरफ दुकानें हैं और दूसरी तरफ एक अस्पताल है। दोनों घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह दुर्घटना कल्याण डोंबिवली नगर निगम मुख्यालय के करीब पर हुई। होर्डिंग गिरने के बाद कुछ देर के लिए इलाके में यातायात अवरुद्ध हो गया।

संसद में 'महाभारत'

संसद में चक्रव्यूह वाले भाषण से सरकार नाराज, राहुल ने जताई ईडी के रेड की आशंका

एजेंसी । नई दिल्ली

नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने दावा किया है कि उनके खिलाफ एनफोर्समेंट डायरेक्टरोट (ED) रेड की प्लानिंग हो रही। राहुल ने गुरुवार देर रात 1:52 बजे X पर की गई एक पोस्ट में यह दावा किया। उन्होंने लिखा- टू-इन-1 को मेरा चक्रव्यूह भाषण पसंद नहीं आया। ED के अंदरूनी सूत्रों ने मुझे बताया कि मेरे खिलाफ रेड की योजना बनाई जा रही है। मैं ED अधिकारियों का बांहें फैलाकर इंतजार कर रहा हूं। चाय और बिस्किट मेरी तरफ से।

राहुल ने संसद में कहा था-6 लोग देश को चक्रव्यूह में फंसा रहे

राहुल ने 29 जुलाई को संसद सत्र के दौरान बजट 2024-25 पर लोकसभा में भाषण दिया था। इसी दौरान उन्होंने बजट की तुलना महाभारत के चक्रव्यूह से की। उन्होंने कहा कि छह लोगों का एक ग्रुप पूरे देश को चक्रव्यूह में फंसा रहा है। ये 6 लोग- नरेंद्र मोदी, अमित शाह, मोहन भागवत, अजित डोभाल, अडाणी और अंबानी हैं। राहुल ने कहा था- हजारों साल पहले कुरुक्षेत्र में अभिमन्यु को चक्रव्यूह में फंसाकर 6 लोगों ने मारा था। चक्रव्यूह का दूसरा नाम है- पद्मव्यूह, जो कमल के फूल के शेप में होता है। इसके अंदर डर और हिंसा होती है। राहुल ने कहा कि 21वीं सदी में एक नया 'चक्रव्यूह' रचा गया है- वो भी कमल के फूल के रूप में तैयार हुआ है। इसका चिह्न प्रधानमंत्री अपने सीने पर लगाकर चलते हैं। अभिमन्यु के साथ जो किया गया, वह भारत के साथ किया जा रहा है। देश के किसान, मजदूर और नौजवान डरे हुए हैं।

शिवराज बोले-कांग्रेस को शकुनि, चौसर, चक्रव्यूह क्यों याद आते हैं

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राज्यसभा में शकुनि, चौसर, चक्रव्यूह का जिक्र करते हुए कांग्रेस पर कटाक्ष किया। शिवराज ने कहा- कांग्रेस को याद आए तो भी शकुनि याद आए। शकुनि, चौसर, चक्रव्यूह इन सारे शब्दों का संबंध अधर्म से है... जाकी रही भावना जैसी, प्रभु मूरत देखी तिन तैसी। उन्होंने आगे कहा कि शकुनि छल, धोखे और कपट के प्रतीक थे। चौसर में थे तो धोखे से ही हराया गया था। चक्रव्यूह मतलब घेर के मारना। अब कांग्रेस को क्यों चक्रव्यूह, शकुनि, चौसर ही याद आते हैं।" शिवराज ने आगे कहा कि हम जब महाभारत काल में जाते हैं तो भगवान श्रीकृष्ण याद आते हैं। शिवराज का ये बयान राहुल गांधी के उस बयान पर आया, जिसमें उन्होंने केंद्र सरकार के बजट की तुलना महाभारत के चक्रव्यूह से की थी। राहुल ने कहा था कि महाभारत में अभिमन्यु के साथ जो किया गया, वह भारत के साथ किया जा रहा है।

कभी पत्थर तो कभी सिलेंडर... रील के शौक में रेलवे ट्रैक से छेड़छाड़, गिरफ्तार

एजेंसी । प्रयागराज

बीते दिनों देश के अलग-अलग जगहों पर हुए रेल हादसों ने चिंता बढ़ा दी है। कई जगहों के ट्रेन से पटरी से उतरने या दो ट्रेनों के बीच टक्कर से बड़े हादसे हुए, जिसमें कई लोगों की मौत भी हुई। इस बीच, प्रयागराज के एक यूट्यूबर का ट्रेन की पटरी के साथ खतरनाक तरीके से छेड़छाड़ करने का वीडियो सामने आई है, जिसने सनसनी मचाकर रख दी। यूट्यूबर गुलजार शेख पुलिस के हत्थे चढ़ा है, जो रील बनाने के लिए कभी रेलवे ट्रैक पर पत्थर तो कभी पूरी साइकिल ही रख देता। वीडियो वायरल होने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।



गुलजार को रेलवे ट्रैक पर एक मुर्गी को भी बांधते हुए देखा गया

सोशल मीडिया पर बीते दिनों से यूट्यूबर के वायरल हो रहे वीडियो में देखने मिला कि रेल पटरियों पर यूट्यूबर ने कभी साइकिल, कभी छोटा गैस का सिलेंडर, तो कभी पत्थर और ईंट रखकर एक्सपेरिमेंट किया। इतना ही नहीं गुलजार को रेलवे ट्रैक पर एक मुर्गी को भी बांधते हुए देखा गया। ऐसा करने के बाद उसने ट्रेन का इंतजार किया। कुछ देर में रेलवे ट्रैक से ट्रेन वहां से गुजरी। वीडियो में देखने मिला कि जब ट्रेन आती है तो वहां कोई सामान ट्रैक पर नहीं होता। वीडियो कुछ महीनों पुराना बताया गया। देखा जाए तो वीडियो बनाने के लिए रेलवे ट्रैक पर यूं सामान रखना जोखिम भरा था। इससे कोई बड़ा हादसा भी हो सकता था। मामले की गंभीरता को देखते हुए वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस तुरंत ही यूट्यूबर की तलाश में जुट गई। इसके बाद उसकी गिरफ्तारी हुई।

महाराष्ट्र सरकार की 'लड़की बहिन' योजना के खिलाफ PIL दायर

मुंबई। मुंबई के एक चार्टर्ड अकाउंटेंट ने महाराष्ट्र सरकार की 'मुख्यमंत्री माझी लड़की बहिन योजना' के खिलाफ बंबई उच्च न्यायालय में एक जनहित याचिका (पीआईएल) दायर की। उन्होंने दावा किया कि यह योजना करदाताओं पर अतिरिक्त बोझ डालेगी। याचिकाकर्ता ने नौ जुलाई को योजना शुरू करने वाले सरकारी प्रस्ताव को रद्द करने की मांग की है। इस प्रस्ताव के मुताबिक, 21 से 65 आयु वर्ग की उन महिलाओं के बैंक खातों में 1,500 रुपए का मासिक भत्ता हस्तांतरित किया जाएगी, जिनकी पारिवारिक 2.5 लाख रुपए से कम है। 'मुख्यमंत्री माझी लड़की बहिन योजना' का एलान राज्य के बजट में किया गया था। इस महीने के अंत में लाभार्थियों को राशि का भुगतान किया जाएगा।

मराठा नेता मनोज जरांगे कोर्ट में हुए पेश

गिरफ्तारी वारंट रद्द

दीपक पवार । मुंबई

मराठा नेता मनोज जरांगेशुक्रवार को पुणे मजिस्ट्रेट कोर्ट में पेश हुए। इसके बाद कोर्ट ने 500 रुपए का जुर्माना लगाकर उनके विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट रद्द कर दिया। मजिस्ट्रेट कोर्ट के जज एसी बिराजदार ने मनोज जरांगेको कोर्ट का सम्मान करने और अगली सुनवाई को कोर्ट में उपस्थित रहने का भी आदेश दिया है।

मराठा नेता मनोज जरांगेपर 2013 में थिएटर प्रोड्यूसर के साथ धोखाधड़ी करने का मामला कोथरुड पुलिस स्टेशन में दर्ज किया गया था। इसी मामले में कोर्ट में सुनवाई के दौरान मनोज जरांगेउपस्थित नहीं हुए थे। इसी वजह से मजिस्ट्रेट कोर्ट के जज एसी बिराजदार ने मनोज जरांगेके विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी किया था।

मनोज जरांगेआज पुणे मजिस्ट्रेट कोर्ट में पेश हुए और कोर्ट ने मनोज पर 500 रुपए का जुर्माना लगाया। कोर्ट ने इस शर्त पर वारंट रद्द कर दिया कि वह अगली सुनवाई में नियमित रूप से उपस्थित होंगे।

दो बजे दोपहर

मुंबई आसपास

तेज रफ्तार ट्रक ने पदयात्री को उड़ाया

मुंबई नाशिक हाइवे की घटना

दोपहर संवाददाता । भिवंडी

मुंबई नाशिक हाइवे पर नियम कानून को ताक पर रखकर तेज रफ्तार से जा रही एक ट्रक ने पहले सड़क क्रास कर रहे पदयात्री को जोरदार ठोकर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। उसके बाद फरार होने के चक्कर में एक कार को कई बार ठोकर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने कार चालक की शिकायत पर केस दर्जकर ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

ट्रक चालक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

नारपोली पुलिस स्टेशन के सहायक पुलिस निरीक्षक एस टी कर्णावर पाटील ने बताया कि मुंबई नाशिक हाइवे पर भिवंडी अंतर्गत आने वाले मानकोली इलाके में आलोक बॉडी गैरेज में काम करने वाला संजीव कुमार गौतम (22) एक अगस्त की शाम 5.50 बजे हाइवे क्रास कर रहा था।इसी दौरान ठाणे की तरफ से नियम कानून को ताक पर रखकर तेजगति से आ रही मल्टी एक्सल ट्रक नंबर सीजी 04 एनटी 4026 ने उसे जोरदार टक्कर मार दी।जिसके कारण वह उड़ कर बीच सड़क पर जा गिरा। उन्होंने बताया कि इतना ही नहीं फरार होने के चक्कर में ट्रक चालक ने विपरीत दिशा में यात्री लेकर ठाणे की तरफ जा रहे वैगन आर कार नंबर एम एच 01 ई ई 7041 को भी कई बार ठोकर मारा।जिसके कारण कार काफी क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि दुर्घटना के अभाव में सड़क पर घायलावस्था में पड़ा व्यक्ति की उपचार के अभाव में मौत हो गई। नारपोली पुलिस ने कार चालक विनोद राजपूत की शिकायत पर ट्रक चालक मनिंदर मंजीत सिंह(29)पर विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्जकर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

रुक नहीं रहे ड्रंक एंड ड्राइव के मामले

पालघर में नशे में धुत व्यक्ति ने प्रोफेसर को मारी टक्कर, हुई मौत

दोपहर संवाददाता । पालघर

महाराष्ट्र में पिछले कुछ दिनों से ड्रंक एंड ड्राइव की घटनाएं कम होने का नाम नहीं ले रही है। हाल ही में मुंबई में नशे में धुत युवक ने एक महिला को कुचल दिया थाय इस हादसे में महिला की मौत हो गई थी। इस बीच पालघर में भी ऐसा ही एक मामला सामने आया है। जहां एक नशे में धुत चालक ने महिला प्रोफेसर को टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन इलाज से पहले ही उसकी मौत हो गई। घटना से इलाके में हडकंप मच गया है। पुलिस ने मामले के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को इस बात की जानकारी देते हुए कहा कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। अधिकारी ने बताया कि गुरुवार की शाम करीब साढ़े छह बजे प्राध्यापिका आत्मजा कासट (45) काम करने के बाद घर जा रही थीं, तभी अर्नाला सागरी पुलिस थाना क्षेत्र में एक कार ने उन्हें टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गईं और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन कुछ घंटे बाद ही उन्होंने दम तोड़ दिया। वरिष्ठ निरीक्षक विजय पाटिल ने बताया कि मेडिकल जांच में पुष्टि हुई है कि कार चालक शुभम प्रताप पाटिल दुर्घटना के समय नशे में था। अधिकारी ने बताया कि आरोपी को भारतीय न्याय संहिता और मोटर वाहन अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया है।

बेटी के इस्लाम कबूल करने पर परिवार ने पुलिस से की शिकायत

विट्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन में 10 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज, दो गिरफ्तार

दोपहर संवाददाता । उल्हासनगर

उल्हासनगर शहर में रहने वाले एक परिवार ने अपनी बेटी के इस्लाम धर्म अपनाने के बाद विट्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है और संदेह जताया है कि उसके साथ दुर्व्यवहार किया जा रहा है। परिवार ने यह जानने के बाद कि उनकी बेटी दृष्टि ने इस्लाम धर्म अपना लिया है, उन्हें उसकी वापसी की उम्मीद थी। पर दृष्टी का वर्तमान निवास के बारे में कोई जानकारी नहीं दे रहे थे। अंत में, वह विट्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन पहुंचे और मामला दर्ज कराया।

ये है मामला ?

कल्पना चौधरी ने गुरुवार रात विट्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज करवाते हुए जानकरी दी कि सृष्टि चौधरी, सलीम चौधरी, शबाना शेख, शबाना शेख की बेटी महक शेख, शबाना शेख की बहन अमीना, अफिदा खातून,अफिदा खातून के पति वसीम,बाबू दास,काजी इलियाज निज़ामी,वकील कमरुद्दीन अंसारी द्वारा उनकी बेटी को बहलाफुसला कर धर्म परिवतर्न किया जा रहा है। उन्हें आशंका है कि उनकी बेटी दृष्टि को ब्रेनवॉश कर एक कट्टर मुस्लिम बनाया जा रहा है और उसका इस्तेमाल दुष्कर्म के लिए किया जा रहा है। साथ ही, चूंकि दृष्टी से 'काफिर', 'जिहाद' जैसे शब्द सुने जा रहे हैं और उसके द्वारा किए जाने वाले असामाजिक, राष्ट्र-विरोधी अपराधों को रोकने के लिए अभियोजकों ने शिकायत दर्ज करने का फैसला किया। मिली शिकायत पर विट्ठलवाड़ी पुलिस ने 10 लोगों पर मामला दर्ज कर इनमें से आरोपी लड़की दृष्टि और सलीम चौधरी को गिरफ्तार कर लिया गया है। न्यायालय में पेश करने पर न्यायधीश ने दोनो को 3 दिन की पुलिस हिरासत में रखने का आदेश दिया।

जिला परिषद ने जुलाई में निवृत्त कर्मचारियों को किया सम्मानित

दोपहर संवाददाता । ठाणे

ठाणे जिला परिषद ठाणे की ओर से मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहन घुगे के मार्गदर्शन में जुलाई माह में सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के अनुरूप हर माह एक सुखद सेवानिवृत्ति योजना लागू की जा रही है। आज उन्हे सम्मानित किया गया। जिला परिषद के उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी अविनाश फड़तरे के तत्वावधान में 19 अधिकारियों और कर्मचारियों को शॉल, श्रीफल, सम्मान बैज और पेंशन आदेश से सम्मानित किया गया। इसके अलावा जुलाई माह में जिला परिषद के कुल 19 अधिकारी और कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए हैं। इस अवसर पर बोलते हुए, उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने सभी सेवानिवृत्त अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई दी और उनके भावी जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने लंबे समय से ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए प्रशासनिक कार्यों में अहम योगदान देने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के भावी जीवन में अच्छे स्वास्थ्य की कामना की।

शहर में मटमैले पानी की सप्लाई

जनता में तरह तरह की बीमारियां फैलाने का खतरा बढ़ा

दोपहर संवाददाता । भिवंडी

मनपा जलापूर्ति विभाग द्वारा इन दिनों शहर में गंदा व मटमैला पानी की सप्लाई की जा रही है। जिसके सेवन से जनता में तरह तरह की बरसती व जानलेवा बीमारी फैलाने का खतरा बढ़ गया है। मनपा जलापूर्ति विभाग ने सप्लाई हो रहे पानी को उबाल कर छानकर पीने की सलाह शहरवासियों को दिया है।भिवंडी के पॉस इलाका मानसरोवर के साथ शहर के गायत्रीनगर, नागांव,समदनगर, बंगालपुरा,कोम्बड़ पाडा,दरगाह रोड, वाड़ी अली, ब्राह्मण अली, बाजारपेठ, इदगाह रोड, पद्मानगर, कामतघर, शांतिनगर, नुरीनगर, गैबीनगर जैसे क्षेत्रो के अलावा शहर के हर क्षेत्र में इन दिनों नल से पानी के साथ कचरा व मिटटी के अलावा दुर्गंध युक्त पीला गंदा पानी आ रहा है।

मनपा जलापूर्ति विभाग ने की पानी को उबालकर पीने की अपील

मनपा जलापूर्ति विभाग प्रभारी कार्यकारी अभियंता संदीप पटनावर ने बताया कि शहर के क्षेत्र में पानी की सप्लाई मुंबई मनपा के पाइप लाइन द्वारा तनसा नदी से किया जाता है। जहां मूसलाधार बारिश होने के कारण उक्त नदियो में पानी गंदा हो गया है। जिसके कारण इन दिनों शहर के कई हिस्सों में मटमैला पानी सप्लाई आ रहा है। उन्होंने शहर की जनता से इन दिनों सप्लाई हो रहे बारिश के पानी को उबाल कर व छान कर उसका सेवन करने की अपील की है।ताकि जनता किसी बीमारी के चपेट में ने फंसे।उन्होंने बताया कि जैसे ही बारिश थोड़ा कम होगा,पानी न सिर्फ साफ आने लगेगा,बल्कि पानी को क्लोरिनेशन प्रोसेस कर सप्लाई किया जायेगा।इतना ही उन्होंने बताया कि शहर में साफ व स्वच्छ पानी की सप्लाई के लिए मनपा प्रशासन द्वारा शहर में जल्द ही पानी को साफ करने वाला दो वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट लगाने की शुरुवात होने जा रहा है।

जिसे पीने से शहर में कालरा, कवल, जुलाब, जैसे बीमारी की चपेट में लोग फंस रहे है। इसकी शिकायत लगातार मनपा आयुक्त अजय वैद्य को मिल रही है।आयुक्त ने जनता की तकलीफों अतिशीघ्र निवारण करने का निर्देश जलापूर्ति विभाग को दिया है।

उल्हासनगर शहर में सड़कों पर गड्ढों की भरमार : विक्की भुल्लर

दोपहर संवाददाता । उल्हासनगर

उल्हासनगर शहर में जगह-जगह गड्ढों की भरमार है और इन गड्ढों की वजह से आए दिन दुर्घटना हो रही है। वाहन चालकों को भी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इसी बात को लेकर शुक्रवार के दिन राजेंद्रसिंह भुल्लर (महाराज) के मार्गदर्शन व कल्याण युवासेना लोकसभा सचिव व रिक्शा युनियन अध्यक्ष हरजिंदर सिंह भुल्लर (विक्की) के नेतृत्व मे मनपा प्रशासन को पत्र दिया गया, जिसमें कहा गया है कि महानगरपालिका 7 दिनों के अंदर यदि गड्ढों को नहीं भरती है तो युवा सेवा अपने खर्चे से शहर के गड्ढों को भरेगी।

पालकी यात्रा में शिरडी गए 3 साई भक्तों की कार हादसे में मौत

विधायक विश्वनाथ भोईर ने प्रत्येक परिवार को दी 2 लाख की आर्थिक मदद

दोपहर संवाददाता । कल्याण

पालकी लेकर शिरडी जा रहे टिटवाला के तीन साईं भक्तों की एक हादसे में मौत हो गई थी, पीड़ित परिवार के साथ शिवसेना मजबूती से खड़ी हो गई है। इन साईं भक्तों के परिवारों को विधायक विश्वनाथ भोईर द्वारा 2-2 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी गई और उनकी दो छोटी लड़कियों की शिक्षा की पूरी जिम्मेदारी शिवसेना शहर शाखा ने ली है। टिटवाला में इन परिवारों को यह आर्थिक सहायता विधायक विश्वनाथ भोईर समेत शिवसेना पदाधिकारियों की मौजूदगी में दी गई।

दोनों लड़कियों की पढ़ाई का खर्च उठाने का भी लिया फैसला

कुछ दिन पहले ही शिरडी जा रहे साईं पालकी में शामिल तीन साईं भक्तों की एक हादसे में मौत हो गई थी। तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से टिटवाला के भावेश पाटिल, रवींद्र उर्फ सुरेश पाटिल और साईराज भोईर की मौत हो गई। इसके बाद शिवसेना विधायक विश्वनाथ भोईर ने इन परिवारों से मुलाकात की और वादा किया कि हम इन परिवारों के साथ मजबूती से खड़े रहेंगे। शिवसेना विधायक विश्वनाथ भोईर ने इन परिवारों को 2-2 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान कर अपनी संवेदना व्यक्त की। शिवसेना ने पुलिस प्रशासन पर इस दुर्घटना मामले में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने वाले पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने और इस घटना के वास्तविक आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए भी दबाव डाला। इस अवसर पर बोलते हुए विधायक विश्वनाथ भोईर ने कहा इस परिवार का दुख इतना बड़ा है कि इसे कोई बांट नहीं सकता। लेकिन विधायक विश्वनाथ भोईर ने भावना व्यक्त की कि हमने इस परिवार को वित्तीय सहायता प्रदान करके और उनकी दो बेटियों की शिक्षा का खर्च उठाकर इस पीड़ा को कम करने का एक छोटा सा प्रयास किया है।

सब्जी देने घर गई नाबालिग लड़की से 60 साल के व्यक्ति ने किया कुकर्म

कुकर्मी व्यक्ति गिरफ्तार, आरोपी प्रेमिका फरार

दोपहर संवाददाता । भिवंडी

भिवंडी शहर में घर सब्जी देने गई नाबालिग लड़की के साथ एक प्रेमिका की मदद से उसके 60 वर्षीय प्रेमी ने पीड़िता के साथ बलात्कार करने का मामला प्रकाश में आया है। सनसनीखेज बात ये है कि पीड़ित लड़की से रेप का मोबाइल फोन से वीडियो भी बनाया गया है। उसी वीडियो को दोनों आरोपी पीड़ित लड़की को वायरल करने की धमकी दे रहे थे। इस संबंध में पुलिस ने शांतिनगर पुलिस स्टेशन में प्रताड़ना समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर 60 वर्षीय कुकर्मी गोपीनाथ गवली को गिरफ्तार कर लिया है। लेकिन उसकी 25 वर्षीय प्रेमिका सोनी फरार है और पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

प्रेमिका ने किया युवक की सहायता

पुलिस सूत्रों के अनुसार, शिकायतकर्ता 35 वर्षीय महिला भिवंडी के गायत्रीनगर इलाके में रहती है और उसी इलाके में सब्जी बेचने का व्यवसाय करती है और उसकी 16 वर्षीय पीड़िता भांजी उसके साथ रहती है। दिलचस्प बात यह है कि कुकर्म आरोपी गोपीनाथ पीड़िता लड़की का रिश्तेदार है, वह लड़की को पहचानता था। कुकर्मी गोपीनाथ 25 साल की महिला सोनी के साथ लिव इन रिलेशनशिप में रहता है, प्रेमिका के संबंध में बताया गया है क वह 2 से 3 शादी कर चुकी है। फिलहाल वह अपने पति से अलग रह रही है। जून महीने में पीड़िता लड़की आरोपी महिला के घर सब्जी देने गई थी। उस वक्त आरोपी गोपीनाथ पहले से ही घर में था, लड़की घर में अकेली थी इसका फायदा उठाकर प्रेमी ने पीड़िता के कपड़े उतार दिए और 60 वर्षीय आरोपी प्रेमी ने पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया। इस घटना से पीड़िता डर गई और बदनामी के डर से घटना के बारे में किसी को नहीं बताया। यह देखने के बाद कि पीड़िता डरी हुई है, दोनों आरोपी 2 और 5 जून को नाबालिग लड़की को रिक्शे में बैठाकर रामनगर इलाके में आरोपी महिला के कमरे पर ले गए और गोपीनाथ ने उसके साथ फिर से बलात्कार किया।

उल्हासनगर के तीन साहित्यकार होंगे सम्मानित

दोपहर संवाददाता । उल्हासनगर

सिंधी भाषा के प्रचार-प्रसार में राज्य स्तर पर उल्लेखनीय कार्य करने वाले साहित्यकारों, पत्रकारों, सिंधी रंग मंच पर काम करने वालों को महाराष्ट्र राज्य सिंधी साहित्य अकादमी द्वारा सम्मानित किया जाता है। अपनी इसी परंपरा का निर्वहन करते हुए अकादमी ने वर्ष 2023 - 2024 के लाइफ टाइम अचीवमेंट और साहित्यिक पुरस्कारों की घोषणा कर दी है। महाराष्ट्र राज्य सिंधी साहित्य अकादमी द्वारा जारी विज्ञप्ति के मुताबिक, अखिल भारतीय जीवन सम्मान पुरस्कार नंदलाल छुगानी को घोषित किया गया. उन्हें सम्मान पत्र व 1 लाख रुपए की राशि दी जाएगी. वरिष्ठ साहित्यकार नंदलाल छुगानी के साथ ही डॉ भरत खुशालानी, कोमल सुखवानी, प्रिया वछाणी, हासानंद खेमचंद सतपाल, विनोद नोतनदास रोहाणी, जूली तेजवानी, जीवन वाधवानी आदि को पुरस्कृत किया जाएगा।

मुंबई के गणेश मंडलों को अब दी जाएगी 5 सालों की अनुमति

दोपहर संवाददाता । मुंबई

बीएमसी ने महाराष्ट्र सरकार के निर्णय के अनुसार पिछले 10 वर्षों से सरकारी नियमों और कानूनों का पालन करने वाले सार्वजनिक गणेशोत्सव मंडलों को इस वर्ष से अगले पांच साल तक का परमिशन देने की बात कही है। कमिश्नर भूषण गगरानी ने कहा कि सार्वजनिक या निजी स्थानों पर गणेशोत्सव मनाने वाले समूहों को स्व-घोषणा पत्र जमा करना होगा कि उन्होंने पिछले दस वर्षों में सभी नियमों और कानूनों का पालन किया है और उनके खिलाफ कोई शिकायत नहीं है। परमिशन को हर साल रिन्यू कराना होगा। बीएमसी के उपायुक्त प्रशांत सपकाले ने कहा कि 6 अगस्त 2024 से सार्वजनिक गणेशोत्सव मंडलों को सिंगल विंडो योजना का लाभ भी मिलेगा और ऑनलाइन मंडप स्थापित करने की अनुमति दी जाएगी। बीएमसी गणेशोत्सव मंडलों से वर्ष 2024 के लिए केवल 100 रुपये का शुल्क लेगी।

बीएमसी की योजना

बता दें कि गणेशोत्सव 7 सितंबर 2024 से शुरू हो रहा है। कमिश्नर गगरानी ने कहा कि सिंगल विंडो योजना के माध्यम से प्राप्त आवेदनों की जांच जोनल कार्यालय द्वारा की जाएगी। इसके बाद स्थानीय पुलिस स्टेशन और यातायात पुलिस विभाग से 'अनापत्ति प्रमाण पत्र' ऑनलाइन प्राप्त किया जाएगा और संबंधित नियमों के अनुसार मंडप निर्माण के लिए अनुमति दी जाएगी। वहीं, इस वर्ष पहली बार सार्वजनिक उत्सव मनाने वाले गणेश मंडलों को दी जाने वाली अनुमति केवल इस वर्ष तक ही सीमित रहेगी। इसके अलावा, जिन मंडपों को निजी भूमि पर अनुमति प्राप्त है, उन्हें त्योहार से पहले निर्धारित अवधि के भीतर भूमि मालिक या सोसायटी से अनापत्ति प्रमाण पत्र, यातायात पुलिस और स्थानीय पुलिस से अनुमति प्राप्त करना आवश्यक होगा।

भिवंडी मनपा की पुरानी धोखादायक इमारत को कराया गया खाली

250 कर्मचारियों ने ली राहत की सांस

दोपहर संवाददाता । भिवंडी

भिवंडी मनपा मुख्यालय इमारत के पीछे स्थित पुरानी धोखादायक इमारत को आखिरकार कर्मचारियों की सुरक्षा की मद्देनजर खाली कराया गया है।जिसके कारण इसमें कार्यरत 250 कर्मचारियों ने फिलहाल राहत की सांस ली है।लेकिन मनपा मुख्यालय में इनके बैठने की व्यवस्था के अभाव में जनता की परेशानी बढ़ गई है। हालांकि प्रशासक व आयुक्त अजय वैद्य ने निर्माण विभाग को इमारत रिपेरिंग की खातिर शीघ्र जरूरी कदम उठाने का आदेश दिए हैं।

बिल्डिंग की रिपेरिंग हेतु अतिशीघ्र जरूरी कदम उठाने का आयुक्त ने दिया निर्माण विभाग को निर्देश

भिवंडी में लगातार मूसलाधार बारिश होने मनपा की पुरानी इमारत जर्जर होने से दीवालों के प्लास्टर आदि टूट कर बिखर गए।बरसात में सभी मंजिलों पर छत से टपक कर पानी भर गया था।इमारत में कार्यरत मनपा कर्मचारियों की शिकायत के बाद अतिरिक्त आयुक्त विट्ठल डाके व उपायुक्त मुख्यालय नयना ससाणे ने पुरानी इमारत का दौरा कर आयुक्त अजय वैद्य को पुरानी इमारत की खराब स्थिति से अवगत कराया।जिसके बाद आयुक्त ने इसे गंभीरता से लेते हुए कर्मचारियों की सुरक्षा के मद्देनजर तत्काल इमारत खाली करने के लिए निर्देश दिया।जिसके बाद मनपा की पुरानी बिल्डिंग को पूरी तरह खाली कर दिया गया।मनपा सूत्रों के अनुसार उक्त इमारत में 8 विभाग कुल संचालित था। जिसमें प्रभाग समिति क्रमांक 1 व 2 का कार्यालय, जन्म मृत्यू विभाग, भविष्य निवाह निधि कार्यालय, एलबीटी विभाग,भंडारण कार्यालय, परवाना विभाग, मार्केट विभाग, युनियन कार्यालय आदि का समावेश है।इस इमारत में स्थित विभिन्न विभागों में लगभग 250 से अधिक कर्मचारी कार्यरत है जो इसी धोखादायक इमारत में जान जोखिम में डालकर विगत कई वर्ष से काम कर रहे थे।इमारत खाली कराने के बाद प्रशासन ने अभी तक विभागों को लेकर कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की है।कर्मचारियों को मनपा मुख्यालय के नई इमारत में खाली पड़े कैंटीन में बैठने को कहा गया है जहां जगह नहीं के बराबर नाकाफी है। भिवंडी मनपा क्षेत्र अंर्तगत 1311 इमारतें धोखादायक है, जिसमें प्रभाग समिति क्रमांक 1 अंर्तगत खतरनाक 125 इमारत में से सी-1 वर्ग की 32 इमारतें, सी -2 वर्ग की 17, सी-2 बी वर्ग की 66 और सी -3 वर्ग की 10 इमारतों का समावेश है। प्रभाग समिति क्रमांक 2 अंर्तगत 310 इमारतें खतरनाक इमारतों में सी -1 वर्ग की 41 इमारतें, सी -2 वर्ग की 195, सी-2 बी वर्ग की 70 और सी -3 वर्ग की 4 इमारतें हैं।

रविवार को रहेगा मेगा ब्लॉक

दोपहर संवाददाता । मुंबई

मध्य रेल, मुंबई मंडल दिनांक रविवार को अपने उपनगरीय खंडों पर विभिन्न इंजीनियरिंग और रखरखाव कार्यों को पूरा करने के लिए मेगा ब्लॉक परिचालित करेगा।

माटुंगा और मुलुंड के बीच अप और डाउन स्लो लाइन

सुबह 10.14 बजे से दोपहर 3.18 बजे तक सीएसएमटी मुंबई से निकलने वाली डाउन स्लो लाइन की सेवाएं माटुंगा और मुलुंड स्टेशनों के बीच डाउन फास्ट लाइन पर डायवर्ट की जाएंगी, जो सायन, कुर्ला, घाटकोपर, विक्रोली, भांडुप और मुलुंड स्टेशनों पर रुकेंगी, आगे मुलुंड स्टेशन पर पुन: डाउन स्लो लाइन पर डायवर्ट की जाएंगी और निर्धारित समय से 15 मिनट देरी से गंतव्य पर पहुंचेंगी। सुबह 10.58 बजे से दोपहर 3.59 बजे तक ठाणे से प्रस्थान करने वाली अप स्लो लाइन की सेवाएं मुलुंड और माटुंगा स्टेशनों के बीच मुलुंड में अप फास्ट लाइन पर डायवर्ट की जाएंगी, जो मुलुंड, भांडुप, विक्रोली, घाटकोपर, कुर्ला और सायन स्टेशनों पर रुकेंगी, आगे माटुंगा में पुन: अप स्लो लाइन पर डायवर्ट की जाएंगी और निर्धारित समय से 15 मिनट देरी से गंतव्य पर पहुंचेंगी। सुबह 11.00 बजे से शाम 5.00 बजे के बीच सीएसएमटी मुंबई से प्रस्थान/पहुंचने वाली सभी अप और डाउन लोकल निर्धारित समय से 15 मिनट देरी से गंतव्य पर पहुंचेंगी।

डाउन स्लो लाइन पर:
ब्लॉक से पहले आखिरी लोकल टिटवाला लोकल होगी जो सुबह 9.53 बजे सीएसएमटी मुंबई से प्रस्थान करेगी । ब्लॉक के बाद पहली लोकल आसनगांव लोकल होगी जो दोपहर 3.32 बजे सीएसएमटी मुंबई से प्रस्थान करेगी।

अप स्लो लाइन पर:
ब्लॉक से पहले आखिरी लोकल आसनगांव लोकल होगी जो सुबह 10.27 बजे ठाणे से प्रस्थान करेगी। ब्लॉक के बाद पहली लोकल कल्याण लोकल होगी जो ठाणे से शाम 04.03 बजे प्रस्थान करेगी। अप और डाउन हार्बर लाइन वडाला रोड और मानखुर्द के बीच सुबह 11.00 बजे से शाम 4.00 बजे तक (सीएसएमटी-बांद्रा/गोरेगांव सेवाएं प्रभावित नहीं) ब्लॉक अवधि के दौरान वडाला रोड और मानखुर्द स्टेशनों के बीच अप और डाउन हार्बर लाइनें निलंबित रहेंगी। डाउन हार्बर लाइन की सेवाएं जो सुबह 10.03 बजे से दोपहर 3.54 बजे तक सीएसएमटी मुंबई से वाशी/बेलापुर/पनवेल के लिए रवाना होती हैं और अप हार्बर लाइन की सेवाएं जो सुबह 9.40 बजे से दोपहर 3.28 बजे तक वाशी/बेलापुर/पनवेल से सीएसएमटी मुंबई के लिए रवाना होती हैं, निलंबित रहेंगी।

डाउन हार्बर लाइन पर:
ब्लॉक से पहले पनवेल के लिए आखिरी लोकल सीएसएमटी मुंबई से सुबह 9.52 बजे प्रस्थान करेगी और पनवेल में सुबह 11.12 बजे पहुंचेगी। ब्लॉक से पहले पनवेल के लिए आखिरी लोकल सुबह 10.14 बजे वडाला रोड से प्रस्थान करेगी और 11.16 बजे पनवेल पहुंचेगी। ब्लॉक के बाद पनवेल के लिए पहली लोकल शाम 4.00 बजे सीएसएमटी मुंबई से प्रस्थान करेगी और शाम 5.21 बजे पनवेल पहुंचेगी।

दो बजे
दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

छत्रपति शिवाजी महाराज के समय के 12 किले विश्व धरोहर सूची में होंगे शामिल

दोपहर संवाददाता । मुंबई

मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने छत्रपति शिवाजी महाराज युग के 12 किलों को विश्व धरोहर सूची में शामिल किए जाने की घोषणा की है। उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र के सैन्य इलाके की अनूठी विरासत को विश्व धरोहर स्थलों की सूची में शामिल करने के लिए एक प्रस्ताव भेजा गया है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि शिवाजी महाराज के किले सिर्फ वास्तुकला नहीं, बल्कि एक ऐतिहासिक विरासत हैं। राज्य सरकार निश्चित रूप से इस विरासत को वैश्विक स्तर पर ले जाने के लिए सभी आवश्यक प्रयास करेगी।

सांस्कृतिक कार्य विभाग और पुरातत्व एवं संग्रहालय निदेशालय की बैठक में फैसला

सह्याद्री गेस्ट हाउस में शुक्रवार को 'भारत के मराठा सैन्य क्षेत्र' के विश्व धरोहर नामांकन को लेकर राज्य सरकार के सांस्कृतिक कार्य विभाग और पुरातत्व एवं संग्रहालय निदेशालय की बैठक हुई। इस बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की ओर से महाराष्ट्र के सैन्य इलाके की अनूठी विरासत को विश्व धरोहर स्थलों की सूची में शामिल करने के लिए एक प्रस्ताव भेजा गया है। इनमें महाराष्ट्र में सलहेर, शिवनेरी, लोहगढ़, रायगढ़, सुवर्णदुर्ग, पन्हाला, विजयदुर्ग, सिंधुदुर्ग, खंडेरी, राजगढ़, प्रतापगढ़ जैसे 11 किले और तमिलनाडु में जिंजी जैसे 12 किले शामिल हैं।

ये रहे बैठक में शामिल

बैठक में सांस्कृतिक कार्य मंत्री सुधीर मुनगंटीवार, कौशल विकास विभाग मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा, विश्व धरोहर समिति के 46वें सत्र के अध्यक्ष और यूनेस्को में भारत के राजदूत और स्थायी प्रतिनिधि विशाल शर्मा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव और सांस्कृतिक कार्य विभाग के प्रधान सचिव विकास खडगे, भारतीय पुरातत्व विभाग के अतिरिक्त महानिदेशक डॉ. जानविज शर्मा, टी. श्रीलक्ष्मी, अधीक्षक शुभा मुजुमदार, सांस्कृतिक कार्य विभाग की उप सचिव नंदा राउत, राज्य पुरातत्व एवं संग्रहालय निदेशालय के निदेशक सुजीत कुमार उगले आदि उपस्थित थे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय पुरातत्व विभाग को सीएम ने दिया धन्यवाद

मुख्यमंत्री ने छत्रपति शिवाजी महाराज के 12 किलों को विश्व धरोहर नामांकन प्रक्रिया के लिए भेजने का निर्णय लेने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय पुरातत्व विभाग को विशेष धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज असाधारण महापुरुष थे। स्वराज की स्थापना कर उन्होंने एक गौरवशाली इतिहास रचा। उनके समय में किले का निर्माण उनकी दूरदर्शिता को दर्शाता है। उन्होंने शत्रु को परास्त करने के लिए उस समय की तकनीक और वास्तुशास्त्र का अद्भुत आविष्कार दिखाया। हम शिव काल के इन किलों को पुनर्जीवित करने का प्रयास कर रहे हैं। आज भी ये किले मजबूत स्थिति में हैं। यहां के तहखाने में छत्रपति शिवाजी महाराज की स्मृतियां हैं। यह इतिहास हम सभी के लिए प्रेरणादायी है।

अनमोल विचार जिंदगी सिर्फ दो वक्त की रोटी कमाने के लिए नहीं है : रामकिंकर बैज

'राहुल गांधी पर हो सकता है बड़ा हमला'

संजय राउत ने बीजेपी पर लगाया गंभीर आरोप

मुंबई। राहुल गांधी ने संसद में 29 जुलाई को बजट पर चर्चा के दौरान महाभारत के चक्रव्यूह का जिक्र किया था। इसके बाद बीते दिन उन्होंने एक पोस्ट की है, जो चर्चा की विषय बन गई है। अपना पोस्ट में राहुल गांधी ने लिखा है कि ईडी के अंदरूनी सूत्रों ने बताया है कि छापेमारी की तैयारी हो रही है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को दावा किया दो में से एक को उनका भाषण पसंद नहीं आया। इस बात को लेकर अब संजय राउत ने राहुल गांधी और इंडिया के नेताओं को खिलाफ साजिश रची जा रही है। कांग्रेस नेतापर कभी भी हमला हो सकता है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''जाहिर है कि '2 इन 1 को मेरा चक्रव्यूह वाला भाषण अच्छा नहीं लगा। ईडी के अंदरूनी सूत्रों ने बताया है कि छापेमारी की तैयारी हो रही है। मैं ईडी का दिल खोलकर इंतजार कर रहा हूं। मेरी तरफ से चाय और बिस्कुट।"

संजय राउत ने लगाया ये आरोप

संजय राउत ने कहा कि राहुल गांधी लोकसभा में लोकतंत्र की आवाज बुलंद करने का काम कर रहे हैं। वह सरकार को आईना दिखाने का काम कर रहे है। राहुल गांधी को फिर कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है। इसके लिए हम तैयार है। भले ही बीजेपी में बहुमत गवां दिया है, लेकिन असैंवधानिक काम करने की उनकी आदत छुट नहीं रही है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि राहुल गांधी और इंडिया गठबंधन के नेताओं के खिलाफ साजिश रची जा रही है। यह साजिश यहां से नहीं बल्कि विदेश में पनप रही है। इसलिए कुछ भी हो सकता है। कल राहुल गांधी पर हमला हो सकता है। हम पर भी हमला हो सकता है।राहुल गांधी ने मोदी और अमित शाह को पिछे छोड़ दिया है। राहुल गांधी ने इस सरकार की नींद उड़ा दी है। गैंगस्टरों की मदद लेकर हम पर हमला किया जा सकता हैं।

शिवसेना की चिन्ह धनुष-बान नहीं बल्कि मशाल

संजय राउत ने अपना हमला तेज करते हुए कहा कि शिवसेना के मशाल चुनाव चिन्ह ने महाराष्ट्र में बीजेपी के सीट को आग लगा दी है। उन्होंने कहा कि बालासाहब ठाकरे की शिवसेना उद्धव ठाकरे के नेतृत्व में अच्छा प्रदर्शन कर रही है। हम मशाल चुनाव चिन्ह पर चुनाव लड़ने जा रहे हैं। यह मशाल का चिन्ह ही था, जिसने महाराष्ट्र में बीजेपी की सीटों पर आग लगा दी। मशाल, तुतारी और कांग्रेस के हाथ यह हमारे चुनाव चिन्ह है। हम साथ मिलकर चुनाव लड़ रहे है। शिवसेना की चिन्ह अब धनुष-बान नहीं बल्कि मशाल है। धनुष-बान चोरों के हाथ में है। उन्होंने लोकसभा में धनुष-बान लेकर कुछ चोरियां कीं, लेकिन विधानसभा चुनाव में वह सफल नहीं होंगे।

न्यूज़ ब्रीफ

गणपति स्पेशल ट्रेन का झाराप स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव



मुंबई। पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए गणपति स्पेशल ट्रेन संख्या 09009/09010 मुंबई सेंट्रल-सावंतवाड़ी रोड-मुंबई सेंट्रल स्पेशल ट्रेन का झाराप स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव का प्रावधान किया गया है। पश्चिम रेलवे के जनसंपर्क विभाग से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, 2 सितंबर, 2024 को मुंबई सेंट्रल से यात्रा प्रारंभ करने वाली ट्रेन संख्या 09009 मुंबई सेंट्रल-सावंतवाड़ी रोड स्पेशल का झाराप स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव का प्रावधान किया गया है। यह ट्रेन झाराप स्टेशन पर 01.30 बजे पहुंचेगी और 01.32 बजे प्रस्थान करेगी। इसी तरह, 03 सितंबर 2024 को सावंतवाड़ी रोड से यात्रा प्रारंभ करने वाली ट्रेन संख्या 09010 सावंतवाड़ी रोड-मुंबई सेंट्रल स्पेशल का झाराप स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव का प्रावधान किया गया है। यह ट्रेन झाराप स्टेशन पर 05.00 बजे पहुंचेगी और 05.02 बजे प्रस्थान करेगी।

पूर्व ट्रेनी IAS पूजा खेडकर की मां अनुपमा को राहत

धमकी देने के मामले में मिली जमानत

दोपहर संवाददाता । मुंबई

एक कोर्ट ने शुक्रवार को पूर्व प्रोबेशनरी आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर की मां मनोरमा खेडकर को जमीन विवाद से जुड़े आपराधिक धमकी देने के एक मामले में जमानत दे दी है। मनोरमा खेडकर के वकील सुधीर शाह ने बताया कि अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एएन मारे ने मनोरमा को जमानत दी। पिछले दिनों पूजा की मां मनोरमा अचानक तब चर्चा में आ गई थीं जब उनका कुछ लोगों को बंदूक के साथ धमकी देने का वीडियो वायरल हो गया था। यह वीडियो पिछले साल का है जिसमें दिख रहा है कि वह पुणे के मुलशी तहसील के धडवाली गांव में जमीन से जुड़े विवाद में कुछ लोगों को बंदूक से धमका रही है। इस वीडियो के सामने आने के बाद पुणे ग्रामीण पुलिस ने मनोरमा और उनके पति दिलीप खेडकर की तलाश शुरू कर दी थी।



वीडियो वायरल होने के बाद केस दर्ज

पौड़ पुलिस ने खेडकर दंपति और 5 अन्य आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया था, जिसमें 307, 144 (घातक हथियार से लैस गैरकानूनी तरीके से एकत्र होना), 147 (दंगा) और 506 (आपराधिक धमकी) के अलावा शस्त्र अधिनियम भी शामिल है। कई दिनों की कोशिश के बाद मनोरमा को उनके ड्राइवर के साथ रायगढ़ जिले के महाड के पास हिरकानीवाड़ी गांव में एक लॉज से पकड़ा गया था। इस मामले में दिलीप खेडकर को पहले ही अग्रिम जमानत मिल चुकी है।

दिल्ली में पूजा की जमानत याचिका खारिज

इससे पहले दिल्ली की एक अदालत ने कल गुरुवार को पूर्व प्रशिक्षु IAS पूजा को अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया। उन पर धोखाधड़ी करने तथा फर्जी प्रमाणपत्र के जरिए अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) और पीडब्ल्यूडी (दिव्यांगजन) कोटा का लाभ उठाने का आरोप है। साथ ही अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ने कहा कि दिल्ली पुलिस को इस मामले की भी जांच करनी चाहिए कि क्या यूपीएससी में किसी ने पूजा खेडकर की मदद की थी। इससे पहले संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने 2 दिन पहले बुधवार को पूजा खेडकर की उम्मीदवारी रद्द करते हुए उन्हें भविष्य की परीक्षाओं में हिस्सा लेने से भी रोक दिया।

बृहन्मुंबई महानगरपालिका

सहायक आयुक्त, 'बी' विभाग का कार्यालय,महापालिका इमारत, 121, रामचंद्र भट्ट मार्ग,बाबुला टैंक क्रॉस लेन, मुंबई - 9.

वैआअबी.169 .एसआर दिनांक 09/08/2024

रुचि की अभिव्यक्ति/निविदा

बी' विभाग के दवाखाने और स्वास्थ्य केन्द्र में साफ सफाई और अन्य विभिन्न कार्यों हेतु छह माह की कालावधि के लिए 10 बहुउद्देशीय कर्मचारी उपलब्ध कराने के लिए इच्छुक स्थानिक संस्था को काम का अनुभव प्राप्त संस्था से आवेदन मंगा उनकी योग्यता सूची तैयार की जा रही है। इच्छुक स्थानिक संस्था को महानगरपालिका के दवाखाने में काम का अनुभव प्राप्त संस्था को बहुउद्देशीय कर्मचारी उपलब्ध कराने के काम अनुभव होना आवश्यक है। काम के आवश्यकता अनुसार 01 संस्था की आवश्यकता है।

इच्छुक स्थानिक संस्थाओं को इस योजना की सभी जानकारी, निविदा आवेदन व इच्छापत्र के नमूने के लिए रु.3900(रु.3300+18% जीएसटी) राशि नागरिक सुविधा केंद्र में भरने के बाद विभागीय सहायक आयुक्त 'बी' विभाग कार्यालय में चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी 'बी' विभाग दिनांक 03/08/2024 से दिनांक 09/08/2024 के दिन सुबह 11.00 बजे से दोपहर 03.00 बजे तक दिया जायेगा।

संस्था को 'सी' विभाग कार्यालय में आवेदन जमा करने की अंतिम दिनांक 09/08/2024 (दोपहर 01.00 बजे तक)।

हस्ता/

पीआरओ/792/विज्ञा./2024-25 सहायक आयुक्त (बी विभाग)

समय पर उपचार, बचाएं प्राण।

हाथ पकड़कर प्यार का इजहार करना युवक को पड़ा भारी

मुंबई। महाराष्ट्र के मुंबई में एक युवक को नाबालिग लड़की का हाथ पकड़कर उससे प्यार का इजहार करना भारी पड़ गया है। इस मामले को लेकर यहां की एक स्थानीय अदालत ने उसे दो साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। वहीं, अदालत ने आरोपी को पोक्सो के धाराओं के तहत आरोपों से बरी कर दिया है। बताया जा रहा है कि यह मामला 2019 का है। घटना के समय लड़की 14 साल की थी। कोर्ट ने 30 जुलाई को पारित अपने आदेश में आरोपी को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के तहत छेड़छाड़ का दोषी ठहराया। यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम की स्पेशल कोर्ट के जज अश्विनी लोखंडे ने कहा कि आरोपी द्वारा कहे गए शब्दों ने निश्चित रूप से 14 वर्षीय पीड़िता की गरिमा को ठेस पहुंचाई। हालांकि, कोर्ट ने आरोपी को पॉक्सो अधिनियम की सख्त धाराओं के तहत आरोपों से बरी कर दिया गया। अभियोजन पक्ष के अनुसार, नाबालिग लड़की की मां ने सितंबर 2019 में साकीनाका थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि उसकी बेटी चाय की पत्ती खरीदने के लिए पास की एक दुकान पर गई थी लेकिन रोते हुए घर लौटी। शिकायतकर्ता के अनुसार, पूछताछ करने पर लड़की ने अपनी मां को बताया कि इमारत की पहली मंजिल पर रहने वाले एक लड़के ने उसका हाथ पकड़ा और उसे 'आई लव यू' कहा। वहीं, कोर्ट के समक्ष आरोपी ने खुद को निर्दोष बताते हुए अपना बचाव किया।

वसई-विरार शहर महानगरपालिका

प्रभाग समिती ''अे'बोळींज

महाराष्ट्र महानगरपालिका अधिनियम 1949 चे अधिसूचित तीन प्रकारण प्रकरण 8 मधील 1(1) व 1(2) अन्वये जाहीर नोटीस खालील मालमत्तेच्या हस्तांतरण संबंधाने वसई-विरार शहर महानगरपालिका विभागीय कार्यालय विरार प्राप्त झालेल्या मालमत्ता धारकांच्या प्रकरणपत्वे नोटीसनुसार सदर हस्तांतरण संदर्भाने कोणत्याही हितसंबंधाने हरकत अगर आक्षेप असल्यास ही नोटीस प्रसिध्द झाल्यापासून 7 दिवसांचे आत हितसंबंधकाने हरकतीच्या लेखी पुराव्यासह वसई-विरार शहर महानगरपालिका विभागीय कार्यालय बोळींज येथे लेखी स्वरूपात हरकत नोदवावी अन्यथा करवसुलीच्या सोयीसाठी सदर हस्तांतरण करून महागरपालिका मध्ये याबाबतची नोंद घेतली जाईल.

अ क्र	दिनांक	वॉर्ड क्र./ मालमत्ता क्र.	ज्यांचे नावे मालमत्ता आहे त्यांचे म्हणजे मालमत्ता विकणा-याचे नाव किंवा अभिहस्तांकन कत्यांचे नाव	खरेदीखताचे किंवा अभिहस्तांकन करत्यांचे नाव	मालमत्तेचे स्वरूप	पत्ता
1.	12-07-2024	BL07/185/30	तनमुख हरिभाई पटेल	विपुल नारायण जाधव /अश्विनी विपुल जाधव	निवासी	किशोर कुंज इ नं * रूम नं ए/20 * विवा कॉलेज रोड बोळींज
2	12-07-2024	BL07/284	दिपीन रतिलाल पटेल	रीना सुनिल पटेल व सुनिल कुमार नारायणभाई पटेल	निवासी	रो हाऊस तिरूपती नगर
3	12-07-2024	BL06/155/48	राजेश भट्टाचार्य व चंद्रा राजेश भट्टाचार्य	सुंदरादेवी मदनसिंह बिस्ट	निवासी	गोकुळ रिजन्सी रूम नं सी/ *09 गोकुळ टाऊनशिप बोळींज
4	12-07-2024	BL06/188/71	हरिश डोभाळ व लक्ष्मी हरिश डोभाळ	सुंदरादेवी मदनसिंह बिस्ट	निवासी	मॅग्रम रूम नं सी/ 504 गोकुळ टाऊनशिप बोळींज
5	12-07-2024	BL06/121/62	सुहास आर वालावलकर व दिपाली एस वालावलकर	वैभव दत्ताराम थुमक व वेदिका वैभव थुमक	निवासी	गोकुळ टाऊनशिप रोड वैभव कुटीर रूम नं डी/204
6	12-07-2024	BL07/100/40	रामलाल एफ राणा व इतर व आशादेवी राणा, सतीश राणा	सुनील कुमार आर राणा	निवासी	गणपती कुटीर रूम नं एम / 208 तिरूपती नगर रोड
7	12-07-2024	BL06/173/64	अग्रवाल होम्स / मधु के अप्पर	गणेशकुमार अचलाराम चोधरी व डायली गणेश चोधरी	निवासी	गोकुळ अनेक्स रूम नं सी/304 गोकुळ टाऊनशिप बोळींज
8	12-07-2024	BL07/240/92	सजिव कुमार शर्मा	रविंद्र शरद वाळीबे व स्मिता रविंद्र वाळीबे	निवासी	रूम नं सी / 299 श्याम हाईट्स बाय के नगर बोळींज
9	12-07-2024	BL07/219/75	बेलीडा मेनेजेस	आरती भरत पवार	निवासी	सी/304 सिध्दीविनायक टॉवर बाय के नगर बोळींज
10	12-07-2024	BL03/309/69	मे इरिक इन्फ्रास्कक्कर	पुजा चंद्रशेखर यादव व चंद्रशेखर किशुन यादव	निवासी	बी/405 पुष्पा पार्क रेसीडेन्सी स्टार इन्क्लेव रानपाडा बोळींज
11	12-07-2024	BL07/30/6	जया वसंत पटेल व अमिषा मुकेश राठोड	गोपाल सिंह राजपुत व चंदाबाई	निवासी	युनिटेक इ नं 10 रूम नं बी/06, तिरूपती नगर रोड बोळींज
12	12-07-2024	BL07/221/15	निलेश तिवारी	गीतादेवी व इंद्रमणी तिवारी	निवासी	प्रभात कॉम्पलेक्स ए टाईप रूम नं 403 बाय के नगर बोळींज
13	12-07-2024	BL03/623/22	बोळेश्वरी असोसिएट्स	संगिता महेश पाटील	निवासी	संजोय इंडस्ट्रियल आणि कर्मशिल शॉप नं 23 रानपाडा बोळींज
14	12-07-2024	BL03/623/21	बोळेश्वरी असोसिएट्स	बाबुलाल वामन निकुम	निवासी	संजोय इंडस्ट्रियल आणि कर्मशिल शॉप नं 22 रानपाडा बोळींज
15	12-07-2024	BL03/623/20	बोळेश्वरी असोसिएट्स	वैभव प्रकाश बागुल	निवासी	संजोय इंडस्ट्रियल आणि कर्मशिल शॉप नं 29 रानपाडा बोळीज
16	12-07-2024	BL06/220/60	विनय युनिक कस्ट्रक्शन	विरेंद्र हिरालाल पाल व सरोज विरेंद्र पाल	निवासी	विय युनिक रेसिडेन्सी बि नं 4 शॉप नं 4 मुलजी भाई मेहता शाळे पुढे बोळींज
17	12-07-2024	BL04/93/22	तुकाराम सखाराम तटकरे व हर्षल तुकाराम तटकर व इतर 1	अनुपकुमार एप झा व रानी झा	निवासी	बी / 208 मंगलमुर्ती को ओं हो सो संखाराम बाबा संकुलन बोळींज
18	12-07-2024	BL05/340/27	फरिदा कामरुदीन भिमनी व कमरुद्दीन मोहम्मदअली भिमनी	हिदायतुल्ला रहमतुल्ला मकरानी व फातिमा हिदायतुल्ला मकरानी	निवासी	एस्सार अपार्टमेंट रूम नं बी / 201 विरार गार्डन दिवलई पाडा बोळींज
19	12-07-2024	BL07/201/27	महेश सिताराम राणे	मोना हितेन मोदी	निवासी	बाय के नगर किशोर कुंज इ नं 4 रूम नं बी/101 बोळींज
20	12-07-2024	BL07/266/27	जगन्नाथ साहू	धारा शाह	निवासी	क्रिष्णा गार्डन्स ए/40 *, नविन विवा कॉलेज समोर बोळीज

जा.क्र./176/2024-25
दिनांक : 02/08/2024

हस्ता.
प्र. सहा-आयुक्त

संपादकीय

करों का मानवीय पक्ष

खरी-खरी कहने के लिये चर्चित केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने जीवन और चिकित्सा बीमा प्रीमियम पर लगाए जा रहे 18 फीसदी जीएसटी को खत्म करने की तार्किक मांग की है। इस प्रासंगिक मुद्दे को उठाकर गडकरी ने करों के मानवीय पक्ष को ही उजागर किया है। निस्संदेह, जीएसटी को कम करना एक मानवीय पहल होगी। वह भी उस देश में जहां 73 फीसदी लोगों के पास चिकित्सा बीमा नहीं है। ऐसे में बीमा प्रीमियम पर 18 फीसदी जीएसटी लगाना क्या न्यायसंगत होगा? दरअसल, महंगे प्रीमियम व उस पर लगने वाले करों के चलते करीब पच्चीस से तीस फीसदी लोग हर साल अपने चिकित्सा बीमा का नवीनीकरण नहीं कर पाते। निस्संदेह, केंद्रीय मंत्री गडकरी ने बीमा धारकों की दुखती रग पर हाथ रखा है। यह विडंबना ही है कि भविष्य में जीवन की अनिश्चितताओं से मुक्ति व अपने तथा परिवार की स्वास्थ्य सुरक्षा चाहने वाले व्यक्ति पर करों का अनुचित बोझ डाला जाता है। जाहिर है कि करों का अधिक बोझ बीमा विस्तार से जुड़ी नीतियों को प्रोत्साहित करने की सोच के विरुद्ध है। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि कोई व्यक्ति जीवन की तमाम अनिश्चितताओं के चलते अपनी व परिवार की सुरक्षा हेतु चिकित्सा बीमा प्रीमियम का भुगतान करता है। दूसरे शब्दों में कहें तो जीवन व सेहत बीमा के प्रीमियम पर टैक्स लगाना जीवन की अनिश्चितताओं पर टैक्स लगाने जैसा ही है। वैसे भी जीवन के उत्तरार्ध में तमाम चिकित्सा समस्याओं से जूझने वाले बुजुर्गों के लिये यह जीएसटी चुकाना एक अन्याय जैसा ही है क्योंकि इनमें से अधिकांश की यह सेवानिवृत्ति की उम्र होती है। इस उम्र तक आते-आते उसके आय के स्रोत सिकुड़ने लगते हैं। वह अपने बच्चों पर आश्रित होता है। दूसरे शब्दों में कह सकते हैं कि जीवन के जोखिम के लिये बीमा कराने वाले व्यक्ति के प्रीमियम पर अधिक कर लगाना एक तरह से बेबात का जुर्माना वसूलना जैसा है। खासकर समाज में कमजोर वर्ग के लोगों के लिये तो यह कर बेहद परेशान करने वाला ही है, जो जैसे-तैसे प्रीमियम के लिये पैसा जुटाने का उपक्रम करते हैं। यह भी एक हकीकत है कि ज्यादा कर लगाने से बीमा उत्पादों का दायरा बढ़ाने के तमाम प्रयास निरर्थक ही सिद्ध होते हैं। यही वजह है कि देश का बीमा उद्योग लंबे समय से अपने उत्पादों की अपील बढ़ाने के लिये जीएसटी में कटौती की वकालत करता रहा है। यह बात स्पष्ट है कि सेहत व जीवन बीमा प्रीमियम पर जीएसटी की दर कम करने से न केवल बीमा करवाना अधिक किफायती हो जाएगा, बल्कि इसके प्रसार को भी अपेक्षित बढ़ावा मिलेगा। सही मायनों में इससे व्यापक वित्तीय सुरक्षा और स्वास्थ्य कवरेज के विस्तार में मदद मिलेगी। जिससे नये उपभोक्ता बीमे के दायरे में लाये जा सकेंगे। बीमा कंपनियां जीएसटी कम होने पर नये उपभोक्ताओं को आकर्षित कर सकती हैं। दरअसल, भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण यानी आईआरडीएआई के वर्ष 2022-23 के लिए जारी आंकड़ों के अनुसार भारत के सकल घरेलू उत्पाद में जीवन बीमा की भागीदारी महज 3.2 फीसदी व स्वास्थ्य बीमा की भागीदारी 0.94 फीसदी है। लोकतंत्र में सरकार की प्राथमिकता होती है कि सामाजिक कल्याण के साथ नागरिकों की आर्थिक स्थिरता को बढ़ावा दे। लेकिन वर्तमान कराधान नीति सामाजिक कल्याण की कसौटी पर खरी नहीं उतरती। ऐसे में बीमा प्रीमियम पर जीएसटी हटाकर सरकार यह सुनिश्चित कर सकती है कि अधिक नागरिकों को अतिरिक्त वित्तीय तनाव के बिना जीवन की अनिश्चितताओं में सुरक्षा मिल सके। निस्संदेह, केंद्र सरकार को नितिन गडकरी के सुझाव पर न केवल गंभीरता से विचार करना चाहिए बल्कि इस दिशा में शीघ्र कदम भी उठाना चाहिए। जीवन और चिकित्सा बीमा प्रीमियम पर जीएसटी हटाना सिर्फ राजकोषीय नीति का मामला भर नहीं है, बल्कि देश के लोगों के स्वास्थ्य और कल्याण की सुरक्षा के लिये प्रतिबद्धता भी दर्शाता है। सरकार यदि बीमा प्रीमियम पर जीएसटी को हटाये व आयकर में छूट में वृद्धि करे तो देश के लोगों में जीवन व सेहत बीमा लेने का उत्साह बढ़ेगा।

हानिया के बाद हमास की दिशा-दशा का प्रश्न

पुष्परंजन

एक आम भारतीय विश्लेषक से पूछेंगे कि मुहम्मद दीफ़ कौन था? तो शायद वो न में सिर हिला दे। लेकिन गुरुवार को सुबह-सुबह इस्राइली अख़बारों की हेडलाइन मुहम्मद दीफ़ के मारे जाने की खबर से सनसनी पैदा कर रही थी। हमास की एक सैन्य शाखा इज़दीन अल क़सम ब्रिगेड के प्रमुख मुहम्मद दीफ़ के मारे जाने की खबर को 13 जुलाई से दबाये रखने की ज़रूरत क्या थी? दीफ़ को 13 जुलाई, 2024 को खान यूनिस इलाके में निशाना बनाया गया था। सेना ने खान यूनिस के हमले में एक और हमास कमांडर राफा सलामेह की मौत की पुष्टि की, लेकिन तब 'आईडीएफ' ने कहा था कि उसके पास मुहम्मद दीफ़ के बारे में अंतिम जानकारी नहीं है।

इस्माइल हानिया पर हमले से पहले बेरूत के दक्षिणी उपनगर में मंगलवार को हिजबुल्लाह के एक शीर्ष कमांडर फौद शुक्र की मौत हो गई। इस्राइल का कहना है कि वह गोलान हाइट्स के मजदल शम्स शहर में एक फुटबॉल मैदान पर मिसाइल हमले के लिए जिम्मेदार था, जिसमें 12 बच्चे मारे गए थे। हालांकि हिजबुल्लाह ने हमले की जिम्मेदारी लेने से इनकार किया है, लेकिन विश्लेषकों का कहना है कि सभी संकेत इस ओर इशारा करते हैं कि यह आतंकी समूह द्वारा किया गया था। गत 7 अक्तूबर, 2023 के हमले में इस्राइली ख़ुफ़िया एजेंसियों का जो मोरल डाउन था, वो अब फिर से ऊंचा हो चुका है।

फौद, दीफ़ और हानिया, इन तीनों के मारे जाने की खबर टाइमिंग देखिये। क्या यह सब इसलिए, कि इस्राइल की जासूसी संस्था 'शिन बेत', जिसे हिब्रू में 'शबाक' नाम से जाना जाता है, को श्रेय दिया जा सके? शिन बेत के साथ-साथ आईडीएफ (इस्राइली डिफेंस फ़ोर्स) और प्रधानमंत्री नेतन्याहू की जय-जयकार इस समय पूरे देश में हो रही है। हिजबुल्लाह और हमास के वरिष्ठ अधिकारियों की हत्याओं की सफलता के बावजूद, 115 इस्राइली बंधकों की रिहाई को लेकर सबकी सांसें थमी हुई हैं। ये लोग हमास द्वारा गाजा पट्टी में 300 दिनों से बंधक बनाए गए हैं, जिनका छूटना अब भी अनिश्चित-सा है।

दीफ़ की मौत का उदारवादी 'यिसरेल बेयटेनू' के प्रमुख एविगडोर लिबरमैन ने भी स्वागत किया है, जिन्होंने ट्वीट किया कि '7 अक्तूबर, 2023 को यहूदियों का कत्लेआम, बलात्कार और अपहरण करने वाले उन घृणित आतंकवादियों के लिए दुनिया में कोई जगह नहीं है, और हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उनमें से कोई भी प्राकृतिक मौत न मरे।' रक्षा मंत्री योआव गैलेंट का कहना है कि हमास के सैन्य कमांडर मुहम्मद दीफ़ की हत्या की पुष्टि आतंकवादी समूह के खात्मे की दिशा में एक 'बड़ा कदम' है।

लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह है कि ईरान हानिया और हिज़बुल्लाह नेता की मौत का बदला लेगा? ईरान के पश्चिमी मित्र सर्वोच्च नेता को सॉफ्ट करने में लगे हुए हैं। जो लोग हमास को क़रीब से जानते हैं, उनका दावा है कि हानिया सिर्फ हाथी के दांत जैसे प्रतीकात्मक व्यक्ति थे। हमास में महत्वपूर्ण निर्णय लेने वाले व्यक्ति याह्या सिनवार हैं। डॉ. माइकल मिल्शटाइन, तेल अवीव विश्वविद्यालय के दयान केंद्र में फिलिस्तीनी अध्ययन मंच के प्रमुख हैं। उनका मानना है कि हानिया की मौत से हमास दबाव में है, लेकिन उसका सफाया एकदम से हो जाये, यह संभव नहीं।

मिल्शटाइन ने कहा, 'सिनवार हानिया को तुच्छ समझते हैं। सिनवार अक्सर कहा करते थे, 'ये सैन्य अनुभव के बिना सूट पहने हुए लोग थे, जिन्होंने हमारी तरह जेल में कष्ट नहीं झेले।' मिल्शटाइन बोलते हैं, 'हानिया का बाहरी दुनिया के लोगों से मिलना-जुलना, बयानबाज़ी चलता रहता था, लेकिन हमास का रिमोट कंट्रोल सिनवार के पास था। हानिया वास्तव में वह व्यक्ति नहीं थे जो ज़मीनी लड़ाई निर्धारित करते थे। हमास में अंतिम निर्णय लेने वाला व्यक्ति याह्या सिनवार ही रहा है, हानिया नहीं।' हानिया का दबाव जिस तरह संगठन पर था, उससे सिनवार ने राहत की सांस ली होगी, ऐसा कुछ विश्लेषकों का मानना है। मिल्शटाइन बोलते हैं, 'मुझे नहीं लगता कि सिनवार ने शैंपेन का गिलास उठाया होगा, लेकिन उनके लिए काम करने का माहौल और भी आरामदायक हो गया। हानिया ने ज़िंदा रहते उनके लिए कोई चुनौती नहीं पेश की, लेकिन बाधा का अहसास बना रहता था। कल गाजा में एक पत्रकार से मेरी बातचीत हुई, जिसने कहा कि हत्या के बाद गाजा और दोहा के बीच की दरारें काफी बढ़ गई हैं; इस पर नज़र रखना आवश्यक है।' गाज़ा की लीडरशिप और उनके कमांडर क्या दोहा में निर्वासित हमास नेताओं को खटकते थे? इस सवाल का उत्तर आने वाले समय में मिलेगा।

लेकिन एक बात तो है कि हमास के राजनीतिक ब्यूरो के प्रमुख इस्माइल हानिया ने गाज़ा पर अपनी पकड़ बनाये रखने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। हमास के संस्थापक अहमद यासीन 1992 में लेबनान में भूमिगत हो गए थे, जहां 2004 में उनकी हत्या होने तक हानिया साये की तरह उनके साथ रहे। वर्ष 2006 में, उन्हें फिलिस्तीनी प्राधिकरण का प्रधानमंत्री चुना गया, और 2007 में, जब हमास ने तख्तापलट करके गाजा पट्टी पर नियंत्रण कर लिया, तो वे गाजा के वास्तविक शासक बन गए। अहमद यासीन के उत्तराधिकारी अब्देल अजीज अल-रंतिसी की हत्या के बाद हमास को नेतृत्व देने का अवसर उन्हें मिला था। वर्ष 2017 में, उन्हें हमास के राजनीतिक ब्यूरो का प्रमुख चुना गया। वे क़तर चले गए। हानिया ने खालिद मशाल का स्थान लिया, जिन्होंने लगभग दो दशकों तक इस पद पर कार्य किया था।

अप्रैल, 2024 में इस्राइल ने गाजा शहर में हानिया के तीन बेटों और उनके तीन पोते-पोतियों की हत्या कर दी थी। अल जज़ीरा द्वारा प्रसारित एक वीडियो में, हानिया को दोहा के एक अस्पताल में उनकी मौत की खबर सुनते हुए देखा जा सकता है, और वे कहते हैं, 'मैं अल्लाह का शुक्रगुज़ार हूं कि उसने मेरे तीन बेटों और कई पोते-पोतियों की मृत्यु द्वारा मुझे सम्मान दिया। उन्हें भी यह सम्मान मिला। वे हमारे फिलिस्तीनी लोगों के साथ गाज़ा पट्टी में रहे, वे वहां से भागे नहीं।'

इस्माइल हानिया जिस तरह इस्राइल के टारगेट पर थे, उन्हें मारने वाले काम को अंजाम पहले भी दिया जा सकता था, लेकिन क्या इस्राइल इसका इंतज़ार कर रहा था कि हानिया तेहरान जाएं? ईरान की सरज़मीं पर ऐसे सर्जिकल स्ट्राइक के बहुतेरे मायने निकलते हैं। भारत में भी हानिया को हीरो मानने वाले युवाओं में मायूसी है। वो खुलकर इसकी मज़म्मत से परहेज़ करते हैं। लेकिन भारतीय समाज का बड़ा हिस्सा नेतन्याहू के इस क़दम को सही ठहरा रहा है। इसी कशमकश में फंसे भारतीय विदेश मंत्रालय ने गुरुवार तक कोई बयान नहीं दिया।

सहज योग

मानव उच्च चेतना से परिचित हो

सारी खोज के पीछे में आनन्द की प्यास आपको घसीटे चली जा रही है किसी अज्ञात की ओर, सारी ही खोजों में ढूंढते ढूंढते जब मनुष्य हार जाता है, और कहीं मिलता नहीं तो पर इसका बोझा बढ़ता जाएगा। अगर मैं कहू कि कोई बोझा न रखो तो उसका भी बोझा बनता जाएगा।

वास्तविक जो चीज स्थित है, जो है ही उसका अविष्कार कैसे होता है? जैसे कि कोलम्बस हिन्दुस्तान खोजने के लिए चल पड़ा था तब क्या हिन्दुस्तान नहीं था? यदि नहीं होता तो खोज किस चीज की कर रहा था। सहजयोग तो है ही पहले ही से है। इसका पता सिर्फ अभी लगा है। सहजयोग, ये परम तत्व का अपना तरीका है। यह एक ही मार्ग है, मानव जाति को उत्क्रान्ति (Evolution) के उस आयाम में उस (Dimension) में पहुंचाने का एक तरीका है, एक व्यवस्था है, जिससे मानव उच्च चेतना से परिचित हो जाए। उस चेतना से आत्मसात हो जाए जिसके सहारे ये सारा संसार, सारी सृष्टि और मानव का हृदय भी चल रहा है। बहुत कुछ इसके बारे में लिखा गया है, पुरातन

कालों से ही खोज होती रही, मनुष्य खोज कुछ रहा ही है हर समय, चाहे वो पैसे में खोज ले, चाहे वो सत्ता में खोज ले चाहे वो प्रेम में खोज ले, वो किसी न किसी खोज की ओर दौड़ रहा है। लेकिन उस खोज के पीछे में कौन सी प्यास है वो शायद वो जानता नहीं। इसके पीछे में सिर्फ आनन्द की खोज है, आनन्द की खोज में वो सोचता है कि बहुत सी गर सम्पत्ति इकट्ठा कर ले तो उस आनन्द में लय हो सकता है। लेकिन ऐसे भी देश अनेक हैं जिन्होंने सम्पत्ति में बहुत कुछ प्रगति कर ली, बहुत कुछ पा लिया है और अत्यन्त दुखी हैं। आनन्द तो दूर रहा, हजारों लोग वहाँ आत्महत्याएं कर रहे हैं! सारी खोज के पीछे में आनन्द की प्यास आपको घसीटे चली जा रही है किसी अज्ञात की ओर, सारी ही खोजों में ढूंढते ढूंढते जब मनुष्य हार जाता है, और कहीं मिलता नहीं तो पर इसका बोझा बढ़ता जाएगा। अगर मैं कहू कि कोई बोझा न रखो तो उसका भी बोझा बनता जाएगा। इसी तरह की व्यवस्था परमात्मा ने हमारे अन्दर कर दी है कि मन से हम जो भी करेंगे वह बोझिल हो जाएगा और उस बोझे के नीचे हम दबे हुए उड़ नहीं सकते वहां पर जहां पर हमें जाना है। इसीलिए खोज आज तक अधूरी ही रही है। लेकिन नव निर्माण की बात मैं आप से करने वाली हूं सिर्फ बात ही नहीं इसका अविष्कार, जो खोज निकाला है। उत्क्रान्ति के मार्ग में ऐसा नहीं होता रहा है कि कोई प्राणी अति विशेष Specialization में या विशेषज्ञ हो गया तो वो गिर जाता है, वो खत्म हो जाता है। इसी तरह से मनुष्य का भी हुआ जा रहा है कि इतना ज्यादा आपस की जो विरोध और Competiton चल रही है उससे मनुष्य ने भी अपने दिमाग को इतना ज्यादा विशेषज्ञ कर लिया है कि वो फटा चला जा रहा है उसका दिमाग और एक अब नया तरह का मानव आने की जरूरत है जो मन से परे उस शक्ति को जान ले जो इस मन को भी चलाता है और इस हृदय का भी स्पन्दन करता है।

जीवन ऊर्जा

स्वामी चिन्मयानंद : निधन- 3 अगस्त 1993 देहावसान

स्वामी चिन्मयानन्द जी का जन्म 8 मई 1916 को दक्षिण भारत के केरल प्रान्त में एक संभ्रांत परिवार में हुआ था। वह हिन्दू धर्म और संस्कृति के मूलभूत सिद्धान्त वेदान्त दर्शन के एक महान प्रवक्ता थे। स्वामी जी ने उपनिषद्, गीता और आदि शंकराचार्य के 35 से अधिक ग्रंथों पर व्याख्याएं लिखीं। गीता पर लिखा उनका भाष्य सर्वोत्तम माना जाता है। 3 अगस्त 1993 को अमेरिका के सेन डियागो नगर में उनका निधन हो गया।

अपनी खुशी की चाबी किसी और की जेब में मत डालो



आज का कर्म ही कल की नियति बन जाता है। सिफारिश करने से पहले अच्छाई का स्वाद चखें। जीवन में अपने आप को संभालने के लिए, अपने सिर का उपयोग करें, लेकिन दूसरों को संभालने के लिए अपने दिल का उपयोग करें। अध्यात्म न तो गरीबों का विशेषाधिकार है और न ही अमीरों का विलास। यह बुद्धिमान व्यक्ति की पसंद है। सफलता या उपलब्धि अंतिम लक्ष्य नहीं है। यह वह 'आत्मा' है जिसमें आप कार्य करते हैं जो आपके जीवन पर सुंदरता की मुहर लगाती है। निराशा उन्हें ही आ सकती है जो भविष्य के साथ अपॉइंटमेंट लेते हैं। जब आप पर्याप्त संवेदनशील होते हैं, दूसरों को कम से कम दुख देते हैं, तो आप जो कुछ भी करते हैं वह नैतिक रूप से अच्छा होगा। भगवान अपने खेल के मैदान में एक सच्चे खिलाड़ी के रूप में कार्य करता है, जहां खेल और स्कोर में बहुत आनंद है। केवल मूर्ख ही इस बात को बनाए रखने की कोशिश करेंगे कि एक धर्म शाश्वत है और अन्य अप्रचलित या क्षणभंगुर हैं। मानव इतिहास की त्रासदी बढ़ती सुख-सुविधाओं के बीच खुशियां कम करना है। एक आदमी में जितनी अधिक बुराई होगी, वह उतना ही कम ईमानदार और शुद्ध प्रेम का जवाब देगा। प्यार करना और प्यार पाना सबसे बड़ी खुशी है। चुपचाप सब सुन लो। जो अच्छा है उसे स्वीकार करो। जो नहीं है उसे अस्वीकार करो और भूल जाओ। यह बुद्धिमान जीवन है। बच्चे भरे जाने के बर्तन नहीं हैं, बल्कि दीपक जलाने के लिए हैं। अपनी खुशी की चाबी किसी और की जेब में मत डालो। असली गुरु भीतर की शुद्ध बुद्धि है; और शुद्ध, गहन आकांक्षी मन शिष्य है। अकेले खुश रहना सीखो। अगर हम अपनी कंपनी का आनंद नहीं लेते हैं, तो इसे दूसरों पर क्यों थोपें? वास्तव में गरीब वह नहीं है जिसके पास पैसे की कमी है, बल्कि वह है जिसके पास दिल की खुशी नहीं है। उपदेश देने से पहले ध्यान का अभ्यास करें। कल हम वही होंगे जो हम अभी हैं, साथ ही आज हमने जीवन की चुनौतियों का क्या और कैसे सामना किया है। आपके पास जो कुछ है वह आपके लिए उसका उपहार है, और जो आपके पास है उसके साथ आप जो करते हैं वह उसके लिए आपका उपहार है। स्वयं को पुनः खोजने का अर्थ है अपने जीवन में एक महान बुद्धि और दिव्य चेतना की अनुभूति को आमंत्रित करना। विश्वास के बिना काम और ईमानदारी के बिना प्रार्थना सुगंध के बिना कृत्रिम फूलों की तरह हैं।

प्रेरक प्रसंग

गुब्बारे से सीख

एक 5 वर्षीय छोटा सा बालक अपने पिताजी के साथ मेले में जाता है। वहा बहुत सारे बच्चे उस मेले में गुब्बारे से खेलते और झूमते नजर आते हैं। वह बालक गुब्बारों को देखकर बहुत आकर्षित हो जाता है। वह अपने पिताजी से कहता है कि पिताजी मुझे यह गैस वाला गुब्बारा चाहिए।

पिताजी तुरंत उसे गुब्बारे वाले के पास ले चलते हैं और गुब्बारे वाले को कहते हैं कि एक गुब्बारा दीजिए। वह बालक तुरंत कहता है , ऐसे कलर का गुब्बारा दो जो सबसे ऊपर जा सके। यह कहने के बाद वह बालक हर रंग बिरंगे गुब्बारे को देखकर कहता है कि यह लाल कलर वाला गुब्बारा मस्त है यह सबसे ऊपर जाएगा। गुब्बारे वाला उस बच्चे को समझाता है कि बेटा, वही गुब्बारा सबसे ऊपर जाएगा जिसमें ज्यादा हवा भरी हुई है। गुब्बारे में जितनी ज्यादा गैस होगी वह उतना ऊपर जाएगा।

उसके बाद वह बालक गुब्बारे के कलर को पसंद नहीं करता बल्कि जो गुब्बारे में ज्यादा गैस भरी हुई होती है वह पसंद करता है। आज वही इंसान ऊंचाइयों पर पहुंचता है जिसके जीवन में आत्मविश्वास, सहनशीलता, कृतज्ञता, दृढ़ निश्चय जैसे आंतरिक गुणों की विशेषताए हो।

शख्सियत

मैथिली शरण गुप्त

खड़ी बोली कविता के अग्रदूत

मैथिली शरण गुप्त सबसे बड़े आधुनिक हिंदी कवियों में से एक थे। उन्हें खड़ी बोली कविता के अग्रदूतों में से एक माना जाता है। उस समय जब अधिकांश हिंदी कवि ब्रज भाषा बोली के उपयोग के पक्षधर थे तब उन्होंने खड़ी बोली बोली में लिखा था। वह पद्म भूषण के तीसरे सर्वोच्च (तब दूसरे सर्वोच्च) भारतीय नागरिक सम्मान के प्राप्तकर्ता थे। भारत के स्वतंत्रता संग्राम के दौरान उनकी पुस्तक भारत-भारती के लिए उन्हें महात्मा गांधी द्वारा राष्ट्र कवि की उपाधि दी गई थी।

मैथिली शरण गुप्त का जन्म 3 अगस्त 1886 को उत्तर प्रदेश में झांसी के चिरगांव में गहोई बनिया समुदाय के कनकने वंश में एक ऐसे परिवार में हुआ था जो कभी एक धनी जमींदार परिवार था, लेकिन उनके जन्म के समय तक संपत्ति खो गई थी। उनके पिता सेठ रामचरण गुप्ता और माता का नाम काशीबाई था। उनके पिता और उनके भाई शीरामशरण गुप्त दोनों ही प्रमुख कवि थे। बचपन में उन्हें स्कूल जाना पसंद नहीं था, इसलिए उनके पिता ने घर पर ही उनकी शिक्षा की व्यवस्था की। एक बच्चे के रूप में, गुप्त ने संस्कृत, अंग्रेजी और बंगाली का अध्ययन किया। महावीर प्रसाद द्विवेदी उनके गुरु थे। उन्होंने 1895 में शादी की।

गुप्त ने सरस्वती सहित विभिन्न पत्रिकाओं में कविताएं लिखकर हिंदी साहित्य की दुनिया में प्रवेश किया। 1910 में, उनका पहला प्रमुख काम, रंग में भंग, इंडियन प्रेस द्वारा प्रकाशित किया गया था। भारत भारती के साथ, उनकी राष्ट्रवादी कविताएं उन भारतीयों के बीच लोकप्रिय हो गईं, जो स्वतंत्रता के लिए संघर्ष कर रहे थे। उनकी अधिकांश कविताएं रामायण, महाभारत, बौद्ध कहानियों और प्रसिद्ध धार्मिक नेताओं के जीवन के इर्द-गिर्द घूमती हैं। उनकी प्रसिद्ध कृति साकेत रामायण के लक्ष्मण की पत्नी उर्मिला के इर्द-गिर्द घूमती है, जबकि उनकी दूसरी कृति यशोधरा गौतम बुद्ध की पत्नी यशोधरा के इर्द-गिर्द घूमती है।

1947 में भारत को आज़ादी मिलने के बाद उन्हें राज्य सभा का मानद सदस्य भी बनाया गया, जहां उन्होंने कविता के माध्यम से अपनी राय अन्य सदस्यों के सामने रखी। 1964 में अपनी मृत्यु तक वे राज्य सभा के सदस्य रहे। 1954 में उन्हें पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। 12 दिसंबर, 1964 को उनका निधन हो गया।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश

सुपर्णखा और शबरी में अंतर

(भाग 1)



अरण्यकाण्ड का वह प्रसंग जिसमें भगवान राम श्री लक्ष्मणजी के द्वारा पूछे गये प्रश्नों का पहले संक्षेप में सारगर्भित उत्तर देते हैं, फिर उसके पश्चात् दृश्य परिवर्तित होता है और घटनाओं का एक अनोखा क्रम उपस्थित हो जाता है। ऐसा लगता है कि प्रभु ने अभी-अभी वाणी के द्वारा जो उपदेश दिया था उसे ही वे इस लीला के माध्यम से बड़े विस्तार से साकार रूप में प्रस्तुत कर देते हैं। एक दिन लंकाधिपति रावण की बहन शूर्पणखा दण्डकारण्य के उस स्थल-पंचवटी में आती है जहाँ भगवान् राम श्रीसीताजी और श्री लक्ष्मणजी के सहित निवास कर रहे थे। यही शूर्पणखा जनकनंदिनी श्री सीता और भगवान् राम के वियोग का कारण बनती है। इसी दण्डकारण्य में ही एक और नारी पात्र शबरी जी भी निवास करती हैं जो भगवान् राम को वह उपाय बताती हैं जिससे भगवान् राम और श्री सीताजी का पुनः मिलन होता है। भगवान् राम जब श्रीसीताजी की खोज में निकलते हैं तो इस क्रम में वे भक्तिमती शबरी जी के आश्रम में आते हैं और वे शबरी जी से प्रश्न करते हुए कहते हैं कि

जनकसुता कइ सुधि भामिनी।
जानहि कहु करिबरगामिनी।।

क्या आप सीताजी की सुधि जानती हैं ? और यदि जानती हैं तो बतायें कि उन्हें पाने का उपाय क्या है ? भगवान् राम का प्रश्न सुनकर शबरी जी बड़े संकोच और विनम्रता से उन्हें जो उपाय बताती हैं, भगवान् राम उसका पालन करते हैं और अंततोगत्वा सीताजी को पाने में सफल होते हैं। इस प्रसंग के माध्यम से जो संकेत-सूत्र हमें प्राप्त होते हैं वे बड़े महत्त्वपूर्ण हैं। मनुष्य के सामने जो एक शाश्वत समस्या रही है, वह समस्या है दुःख की। प्रत्येक व्यक्ति सुख ही सुख पाना चाहता है, पर न चाहने पर भी दुःख आ ही जाते हैं। ऐसी स्थिति में 'दुःख के कारण क्या हैं तथा उसके निवारण के क्या उपाय हैं ?' यह जानने की जिज्ञासा व्यक्ति के हृदय में स्वाभाविक रूप से होती है। 'मानस' में भगवान् राम और लक्ष्मणजी के संवाद के माध्यम से इसी की ओर संकेत किया गया है। समाज में एक बड़ा प्रचलित शब्द है -'माया'और यह माना जाता है कि माया ही दुःख का कारण है। भगवान् राम श्री लक्ष्मणजी के प्रश्नों का उत्तर यही कहकर देते हैं कि माया का एक रूप ऐसा भी है जो दुःख का मूल कारण है। वे कहते हैं कि

एक दुष्ट अतिसय दुखरूपा।
जा बस जीव परा भवकूपा।।

प्रत्येक व्यक्ति व्यवहार में बार-बार इस 'माया' शब्द का प्रयोग करता रहता है, पर सचमुच इसका स्वरूप क्या है ? क्या यह कोई ऐसी नारी है जो व्यक्ति को अपने बंधन में बाँधकर कष्ट दिया करती है ? कई बार उसे एक साकार रूप में भी आरोपित कर दिया जाता है। पर वस्तुतः भगवान् राम लक्ष्मणजी से माया की जो व्याख्या करते हैं उसका पूरा का पूरा लक्षण शूर्पणखा के चरित्र में दिखायी देता है। इसी प्रकार भगवान् राम ने जिस भक्ति को सुख का मूल बताया था, उसका साकार रूप शबरी जी के चरित्र में दिखायी देता है।

(क्रमशः)



पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

सुविचार



यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : राजा आदाटे (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

भूलभुलैया

इस बेबी एलीफेंट को जोरों की भूख लगी है. उसे समझ नहीं आ रहा कि फलों तक कैसे जल्दी पहुंचे. तुम्हें उसकी मदद करनी है, ताकि वह फलों तक जल्दी पहुंच सके. ध्यान रहे भूलभुलैया में फंसना मत.



खोजो 05 अंतर

उत्तर : 1. गैस बलून का मुंह 2. हवाई जहाज की पूंछ 3. बलून पर रस्सी नहीं 4. उड़ती चिड़िया 5. बादल

डॉट मिलाओ, चित्र बनाओ

इस तस्वीर में कुल 1 से 10 तक डॉट्स हैं, तुम्हें नंबर के अनुसार इन डॉट्स को मिलाना है. इन डॉट्स को पूरी तरह मिलाओ. फिर देखो कि कौन-सी आकृति बनती है. इसमें तुम रंग भी भर सकते हो.



फैक्ट

गिरगिट क्यों रंग बदलता है?

क्या आपने कभी किसी गिरगिट को देखा है? यह छोटा सा जीव अपने रंग बदलने की अद्भुत क्षमता के कारण मशहूर है। गिरगिट की त्वचा में छिपे रंग-बदलते कण उसे अपने वातावरण के साथ मेल खाने, शिकारियों से बचने और अपने मूड को व्यक्त करने में मदद करते हैं। आइए, गिरगिट की इस जादुई क्षमता के पीछे के रहस्य को जानें और समझें कि कैसे यह अद्वितीय प्राणी प्रकृति के सबसे बड़े चमत्कारों में से एक है।

गिरगिट क्या है?

गिरगिट एक प्रकार की छिपकली होती है। इसकी त्वचा पर छोटे-छोटे रंग के कण होते हैं, जिन्हें क्रोमैटोफोर कहा जाता है। ये कण गिरगिट की त्वचा को अलग-अलग रंग में बदलने में मदद करते हैं। गिरगिट रंग क्यों बदलते हैं?

गिरगिट कई कारणों से अपना रंग बदलते हैं

1.पर्यावरण से मेल खाना : गिरगिट अपना रंग बदलकर अपने आसपास के वातावरण में घुलमिल जाते हैं। इससे वे शिकारियों से बच सकते हैं। उदाहरण के लिए, अगर गिरगिट हरे पेड़ पर बैठा है, तो वह हरे रंग में बदल जाएगा।

2. मूड और भावना : गिरगिट का रंग उसके मूड को भी दर्शाता है। जब गिरगिट गुस्से में होता है, तो उसका रंग गहरा हो जाता है। अगर वह आराम महसूस करता है, तो उसका रंग हल्का होता है।

3. तापमान नियंत्रण : गिरगिट अपना रंग बदलकर अपने शरीर का तापमान भी नियंत्रित करता है। ठंडे मौसम में, गिरगिट गहरे रंग में बदल जाता है ताकि वह अधिक गर्मी को सोख सके। गर्म मौसम में, वह हल्के रंग में बदल जाता है ताकि वह ठंडा रह सके।

4. संचार: गिरगिट आपस में बात करने के लिए भी रंग बदलते हैं। जब वे किसी दूसरे गिरगिट से मिलते हैं, तो उनका रंग बदल जाता है, जिससे वे अपने इरादे और भावनाओं को व्यक्त कर सकते हैं।

गिरगिट रंग कैसे बदलते हैं?

गिरगिट की त्वचा में तीन मुख्य परतें होती हैं जो रंग बदलने में मदद करती हैं:

1. क्रोमैटोफोर : यह सबसे ऊपरी परत होती है। इसमें पीले, लाल और काले रंग के कण होते हैं।

2. ग्वानिन क्रिस्टल : यह दूसरी परत होती है, जिसमें छोटे-छोटे क्रिस्टल होते हैं। ये क्रिस्टल प्रकाश को प्रतिबिंबित करते हैं और नीले और हरे रंग को उत्पन्न करते हैं।

3. मेलानोफोर : यह सबसे निचली परत होती है। इसमें काले रंग के कण होते हैं, जो गहरे रंग उत्पन्न करते हैं।

जब गिरगिट अपना रंग बदलना चाहता है, तो उसकी त्वचा की नसें और मांसपेशियां सक्रिय हो जाती हैं। ये क्रोमैटोफोर कणों को फैलाने या संकुचित करने में मदद करती हैं। इससे अलग-अलग रंग उत्पन्न होते हैं और गिरगिट की त्वचा का रंग बदल जाता है।

गिरगिट के रंग बदलने की क्षमता के फायदे

गिरगिट के रंग बदलने की क्षमता उन्हें कई फायदे देती है:

1. शिकारियों से बचाव : रंग बदलकर गिरगिट शिकारियों से छिप सकते हैं। इससे उनकी जान बचती है।

2. शिकार में मदद : गिरगिट शिकार करने के लिए भी रंग बदलते हैं। वे अपने शिकार के पास चुपचाप जाकर अचानक हमला करते हैं।

3. परिस्थितियों के अनुकूल : गिरगिट अपनी परिस्थितियों के अनुसार अपने रंग को बदल सकते हैं, जिससे वे आरामदायक महसूस करते हैं।

बाल कहानी

बंदर और मगरमच्छ

एक बार की बात है, एक नदी के किनारे एक बड़ा पेड़ था, जिस पर एक बंदर रहता था। उस पेड़ पर मीठे-मीठे फल लगते थे। एक दिन, एक मगरमच्छ नदी से बाहर आया और उस पेड़ के पास आया। बंदर ने उससे पूछा, 'तुम कौन हो और यहाँ क्यों आए हो?'

मगरमच्छ ने कहा, 'मैं नदी में रहता हूँ और मुझे भूख लगी है।'

बंदर ने उसे कुछ फल दिए। मगरमच्छ ने फल खाए और धन्यवाद दिया। धीरे-धीरे वे अच्छे दोस्त बन गए और मगरमच्छ रोज़ फल खाने आने लगा।

एक दिन मगरमच्छ ने अपनी पत्नी को फल खिलाए। मगरमच्छ की पत्नी ने कहा, 'अगर ये फल इतने मीठे हैं, तो सोचो बंदर का दिल कितना मीठा होगा। मुझे उसका दिल खाने का मन कर रहा है।'

मगरमच्छ ने अपनी पत्नी की बात मान ली और अगले दिन बंदर से कहा, 'मेरी पत्नी ने तुम्हें खाने पर बुलाया है।'

बंदर खुश हो गया और मगरमच्छ की पीठ पर बैठकर नदी पार करने लगा। मगरमच्छ ने बीच में आकर सच्चाई बता दी। बंदर ने समझदारी दिखाई और कहा, 'अरे, तुमने पहले क्यों नहीं बताया? मेरा दिल तो पेड़ पर है। मुझे वापस ले चलो, मैं उसे लेकर आता हूँ।'

मगरमच्छ उसे वापस ले गया। बंदर तुरंत पेड़ पर चढ़ गया और मगरमच्छ से कहा, 'धोखेबाज, अब मैं कभी तुम पर विश्वास नहीं करूंगा।' और इस प्रकार बंदर ने अपनी बुद्धिमानी से अपनी जान बचाई।

कविता

नन्हा चूहा

नन्हा चूहा, चला स्कूल,
पीठ पर टांगे, छोटा बस्ता।
सीखा उसने, पढ़ना-लिखना,
सबसे अच्छा, बनना चाहता।
मास्टर जी ने कहा, सुनो ध्यान से,
मेहनत करोगे, बनोगे महान।
नन्हा चूहा मुस्कुराया,
क्योंकि उसे था खुद पर पूरा विश्वास।

पहेली

बुझो तो जानें

1. मेरे पास दो से चार पंख होते हैं, लेकिन मैं उड़ नहीं सकता। मैं कभी-कभी गर्म और कभी-कभी ठंडा हो सकता हूं। मैं क्या हूं?
2. एक हाथी जितना बड़ा होता है, उतना ही बड़ा मैं भी होता हूं, लेकिन मैं हाथी नहीं हूं। मैं क्या हूं?
3. उसके पास न पैर हैं, न हाथ हैं, लेकिन वह घूमता रहता है। वह क्या है?
4. मैं हमेशा आपके पास रहता हूं, लेकिन आप कभी मुझे देख नहीं सकते। मैं जब भी बढ़ता हूं, तो आप धीमे हो जाते हैं। मैं क्या हूं?
5. मेरे पास 5 अंगुलियां हैं, लेकिन मैं एक हाथ नहीं हूं। मैं क्या हूं?

उत्तर : 1.पंखा 2. छाया 3. समय 4.उम्र 5. दस्ताना

पंचतंत्र की कहानी

बीरबल की कहानी - अंधा न्याय

एक बार की बात है, अकबर के दरबार में एक व्यापारी आया और उसने अपनी समस्या बताई। उसने कहा, 'महाराज, मैंने अपने पड़ोसी को कुछ सोना उधार दिया था, लेकिन अब वह उसे लौटाने से इनकार कर रहा है।'

अकबर ने बीरबल से इस समस्या का हल निकालने को कहा। बीरबल ने व्यापारी से पूछा, 'क्या तुम्हारे पास कोई गवाह है?' व्यापारी ने कहा, 'नहीं, कोई गवाह नहीं है।'

बीरबल ने व्यापारी और उसके पड़ोसी दोनों को एक दिन के लिए जेल में डालने का आदेश दिया और कहा कि अगले दिन न्याय किया जाएगा।

अगले दिन, बीरबल ने दोनों को बुलाया और कहा, 'तुम दोनों जेल में कैसे सोए थे?'

व्यापारी ने कहा, 'मैं पूरी रात सो नहीं पाया।' जबकि पड़ोसी ने कहा, 'मैं बहुत अच्छी तरह सोया।'

बीरबल ने कहा, 'सच्चा व्यापारी वही है जो अपनी चिंता में रातभर सो न सके। इसलिए सोना व्यापारी का है।' अकबर ने बीरबल की चतुराई की सराहना की और न्याय किया गया।

राशिफल

प्रियंका जैन

मेष — सुख के साधन जुटेंगे। कानूनी बाधा दूर होगी। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। लाभ में वृद्धि होगी। कुसंगति से बचें। परिवार में मांगलिक कार्यक्रमों की चर्चा संभव है। संतान की रोजी-रोटी की चिंता समाप्त होने के योग हैं।

वृष — शत्रु सक्रिय रहेंगे। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। क्रोध पर नियंत्रण रखें। विवाद न करें। पुरानी संपत्ति के रख-रखाव पर धन खर्च हो सकता है। सामाजिक और धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

मिथुन — विवाद से क्लेश होगा। कानूनी अड़चन दूर होगी। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। व्यापार में नए प्रस्ताव लाभकारी रहेंगे। सही समय पर लिए गए फैसले लाभ दिला सकते हैं। आवास संबंधी समस्या हल होने के योग हैं।

कर्क — शत्रु सक्रिय रहेंगे। घर-बाहर तनाव रहेगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। संपत्ति के कार्य लाभप्रद रहेंगे। भावनात्मक संबंधों में जल्दबाजी में निर्णय न लें। अधिकारी आपकी कार्यशैली से नाराज हो सकते हैं।

सिंह — यात्रा मनोरंजक रहेगी। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी सफल रहेंगे। धनार्जन होगा। पूंजी निवेश संबंधी कार्यों में सावधानी रखें। आत्मविश्वास बना रहेगा। कारोबार में उतार-चढ़ाव रहेगा।

कन्या — दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। भागदौड़ रहेगी। दुःखद समाचार मिल सकता है। धैर्य रखें। काम का बोझ कम करने के लिए जिम्मेदारियों को बाँटना आवश्यक है। आर्थिक कामों में परेशानी आने की संभावना है।

तुला — प्रयास सफल रहेंगे। कार्य की प्रशंसा होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। व्यस्तता रहेगी। प्रसन्नता बढ़ेगी। कारोबार में वांछित तेजी आने की संभावना रहेगी। विवेक से निर्णय करने पर लाभ एवं सफलता प्राप्त हो सकेगी।

वृश्चिक — लेन-देन में सावधानी रखें। मेहमानों का आगमन होगा। शुभ समाचार मिलेंगे। मान बढ़ेगा। धनार्जन होगा। रोजगार के बेहतर अवसर मिलने से आय बढ़ेगी। दांपत्य जीवन सुखद रहेगा।

धनु — कोई बड़ा कार्य होने से प्रसन्नता रहेगी। रोजगार में वृद्धि होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। मेहनत व लगन से कार्यक्षेत्र में बेहतर सफलता हासिल कर सकेंगे। अपने व्यसनों पर काबू रखना चाहिए। विवाह संबंधी प्रस्ताव आएँगे।

मकर — कोई मुसीबत आ सकती है। लेन-देन में सावधानी रखें। फालतू खर्च होगा। जोखिम न उठाएं। व्यावसायिक योजना के विस्तार में मित्रों से मदद मिलेगी। पुरानी झंझटों से राहत रह पाएगी। क्रोध एवं उत्तेजना पर संयम रखना होगा। व्यस्तता रहेगी।

कुंभ — बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा लाभदायक रहेगी। धनार्जन होगा। घर की चिंता रहेगी। विरोधी भी आपसे प्रभावित होंगे। कला के क्षेत्र में इच्छित सफलता मिलने के योग हैं। सरकारी राज्यपक्ष के कामों में पर्याप्त सावधानी रखें।

मीन — शत्रु परास्त होंगे। क्रोध पर नियंत्रण रखें। नए अनुबंध हो सकते हैं। प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। साझेदारी में शुरू किया गया कार्य लाभ के अवसरों को बढ़ा सकता है। स्थायी संपत्ति खरीदने का मन बनेगा। दांपत्य जीवन में विश्वास बढ़ेगा।

किस दंपती को कितनी संतानें प्राप्त होंगी?

आधुनिक मतानुसार देखें तो निम्न तीन तरीकों से संतान संख्या काफी हद तक सही पाई जाती है।

1. अष्टक वर्ग के द्वारा-गुरु ग्रह के अष्टक वर्ग में गुरु ग्रह से पंचम भाव में (गुरु पंचम भाव का तथा संतान का कारक होने के कारण) जितने शुभ बिंदु होंगे उतनी ही संतान होती है। यहां यह ध्यान रखें कि शत्रु ग्रह, नीच ग्रह द्वारा दी गई बिंदु कुल बिंदुओं से घटाएं। अब जो संख्या बचे वह संख्या पैदा हुई संतानों की संख्या होगी। 2. पंचमेश जितने नवांश गुजार चुका हो उतनी ही संतान होती है यदि उस पर शत्रु ग्रहों का प्रभाव हो तो ग्रहानुसार संख्या घटानी चाहिए।

3. पंचमेश के उच्चबल साधन द्वारा उसकी रश्मियां ज्ञात कर उन रश्मियों के आधार पर संतान संख्या जानी जा सकती है। मंगल, बुध व शनि के उच्च राशि पर होने से इनकी 5-5 रश्मियां गुरु के उच्च राशि होने पर 7 रश्मियां चंद्र के उच्च होने पर 9 तथा सूर्य के उच्च राशि होने पर 10 रश्मियां होती हैं।

उदाहरण के लिए यदि जन्म लग्न में शनि, मंगल अथवा बुध उच्च राशि के हों तो संतान की जन्म संख्या 5 हो सकती है।

पुत्र कितने होंगें?

यदि पाप ग्रह पंचमेश होकर पंचम में हो तथा पंचम में अन्य पाप ग्रह हो, तो पुत्र अधिक होते हैं। गुरु, मंगल, सूर्य तथा पंचमेश पुरुष राशि के नवांश में हों अथवा पुरुष ग्रहों से युत या दृष्ट हों तो पुत्रों की संख्या अधिक होती है। पंचम भाव में पंचमेश पुरुष राशि के नवांश में हो अथवा पुरुष ग्रहों से युत या दृष्ट हो तो पुत्रों की संख्या अधिक होती है। मकर राशि में केवल गुरु हो और वह पंचम में हो तो कई पुत्र होते हैं। लग्न में राहु, पंचम में गुरु तथा नवम में शनि हो, तो छह पुत्र होते हैं।

कुंभ राशिस्थ शनि एकादश में हो, तो अनेक पुत्र होते हैं। पंचम भाव में तुला राशि हो तथा पंचम भाव पर चंद्र व शुक्र की दृष्टि हो, तो कई पुत्र होते हैं। पंचम भाव में सूर्य शुभ ग्रहों से दृष्ट हो, तो तीन पुत्र होते हैं।

पंचम में सूर्य हो, तो एक पुत्र, मंगल हो, तो तीन तथा गुरु हो, तो पांच पुत्र होते हैं। मकर अथवा कुंभ से पंचम राशि क्रमशः वृष या मिथुन में शनि हो तो केवल एक पुत्र होता है।

प्रियंका जैन
9769994439

बिहार के 10 जिलों में भारी बारिश और वज्रपात का अलर्ट

आपदा प्रबंधन ने जारी की चेतावनी और हेल्पलाइन नंबर

पटना। बिहार के विभिन्न जिलों में गुरुवार और शुक्रवार को हुई बारिश ने पिछले कुछ दिनों से गर्मी से परेशान लोगों को राहत दी है। लेकिन इसके साथ ही आसमान से बरसी आफत ने कई लोगों की जान भी ले ली है। आधिकारिक जानकारी के मुताबिक गुरुवार को बिजली गिरने से राज्य में 15 लोगों की मौत हो गई। जिसके बाद शुक्रवार को बिहार राज्य आपदा प्रबंधन विभाग ने मौसम में बदलाव और बिजली गिरने से होने वाली मौतों को देखते हुए टोल फ्री इमरजेंसी नंबर जारी किया है। इसके साथ ही अगले 5 दिनों तक बारिश की चेतावनी भी जारी की गई है।

इन जिलों में होगी बारिश

आपदा प्रबंधन विभाग के अनुसार राज्य के कई जिलों में भारी बारिश की संभावना है। जारी चेतावनी के अनुसार बांका, मुंगेर और बेगूसराय में एक-दो स्थानों पर अत्यधिक भारी बारिश हो सकती है। भागलपुर, जमुई और खगड़िया में एक-दो स्थानों पर बहुत भारी बारिश हो सकती है। कटिहार, रोहतास, औरंगाबाद और गया में एक-दो स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। इस दौरान राज्य के अधिकांश हिस्सों में मेघगर्जन और बिजली के साथ 30-40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है।

पाक में शियाओं के हो रहे कत्लेआम के खिलाफ प्रदर्शन

लखनऊ। पाकिस्तान के पाराचिनार में शियों के नरसंहार और आतंकवाद के खिलाफ शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद आसिफी मस्जिद में प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ, अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के पोस्टर जलाकर पाकिस्तान, अमेरिका और इजराइल के खिलाफ नारेबाजी की। बड़ा इमामबाड़ा स्थित आसिफी मस्जिद के बाहर प्रदर्शन की अगुवाई कर रहे मजलिस-ए-उलेमा-ए-हिंद के महासचिव मौलाना सैय्यद कल्बे जवाद नकवी ने कहा कि पाकिस्तानी सरकार अमेरिका और इजराइल की एजेंट है। पाराचिनार में लगातार आतंकी संगठन शियों का नरसंहार कर रहे हैं लेकिन पाकिस्तानी सरकार और सेना ने समय पर कोई उचित कार्रवाई नहीं की।

सर्पदंश से पत्नी की मौत, सदमे से पति ने भी तोड़ा दम

परिजनों पर टूटा दुखों का पहाड़

एजेंसी । गाजीपुर

गाजीपुर के भांवरकोल थाना क्षेत्र के वीरपुर गांव में शुक्रवार को सर्पदंश से महिला की मौत हो गई। शव देख कुछ देर बाद सदमे में हृदयगति रूकने से पति ने भी दम तोड़ दिया। घटना से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट गया। पुत्रों व पुत्री के रोने-बिलखने से ग्रामीणों की आंख भर आई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पति-पत्नी के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वीरपुर गांव निवासी शांति देवी (40) देर शाम परिजनों के साथ खाना खाकर आंगन में चारपाई पर सो रही थी। देर रात सर्प ने उसके पैर में डंस लिया। इस दौरान महिला की नींद टूट गई और वह चिल्लाने लगी। आवाज सुनकर परिवार के लोग पहुंच गए और टार्च से देखा सांप आंगन में घूम रहा था। परिवार के सदस्यों ने सांप को मार डाला। इधर महिला की स्थिति बिगड़ने पर उसे झाड़फूंक के लिए अमवा के सती माई लेकर आए। जहां से रात करीब 2.30 बजे ठीक होकर घर आ गई, लेकिन कुछ ही देर बाद शांति देवी की तबीयत बिगड़ने लगी। परिजन उसे उपचार के लिए बिहार प्रांत के प्रतापगढ़ अस्पताल ले गए। जहां हालत गंभीर होता देख डॉक्टरों ने बक्सर अस्पताल भेज दिया। जहां डाक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया।

खबर संक्षेप

चार करोड़ से ज्यादा नगद के साथ एक अपराधी गिरफ्तार

कटिहार। कटिहार पुलिस ने जिले के किसानों एवं व्यापारियों से ठगी की गई 04 करोड़ 08 लाख 94 हजार 04 सौ 50 रुपये के साथ एक अपराधी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। गिरफ्तार अपराधी गौतम कुमार चौधरी पिता स्व. ब्रह्मदेव चौधरी पोठिया थाना क्षेत्र के डूमर गांव का निवासी है। इस संदर्भ में शुक्रवार शाम पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुमार ने बताया कि उक्त कांड के वादी शब्दा थाना पोठिया निवासी हिमांशु कुमार भगत पिता अर्जुन प्रसाद एवं अन्य के द्वारा किसानों एवं व्यापारियों से मक्का खरीद कर प्रितम ट्रेडर्स डुम्मर को मक्का बिक्री किया गया। बिक्री के उपरांत प्रितम ट्रेडर्स डम्मर के मालिक आरोपी गौतम कुमार चौधरी पिता स्व. ब्रह्मदेव चौधरी के द्वारा वादी एवं अन्य को लगभग पाँच करोड़ रूपया दिया गया। शेष रूपया गौतम कुमार चौधरी अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर शेष बचे करोड़ों रूपया को गबन कर लिया।

बुझ गया घर का इकलौता चिराग

सरयू नदी में 3 युवक डूबे, मल्लाहों ने 2 को बचाया

बेटे की मौत पर परिवार में मातम

बलिया। बलिया के सिकंदरपुर थाना क्षेत्र के खरीद घाट स्थित निर्माणाधीन पक्का पुल के समीप सरयू नदी में नहाते समय शुक्रवार की दोपहर मुस्तफाबाद निवासी तीन युवक एक साथ नदी में डूबने लगे। आसपास मौजूद लोगों ने नदी में कूद कर तीनों को बाहर निकाला और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिकंदरपुर पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने एक को मृत घोषित कर दिया, वहीं दो का इलाज करने के बाद छोड़ दिया।

पूरा मामला समझें

थाना क्षेत्र के मुस्तफाबाद गांव निवासी नीतीश कुमार (18) पुत्र राजेश राम अपने दोस्त प्रिंस (17) पुत्र प्रेमचंद व सुमित उर्फ लक्की (16) पुत्र शंभू राम के साथ शुक्रवार की दोपहर सरयू नदी में खरीद घाट पर निर्माणाधीन पक्का पुल के समीप स्नान कर रहा था। इसी दौरान देखते ही देखते तीनों युवक गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। उन्हें डूबता देख आसपास मौजूद लोगों ने तीनों को नदी से बाहर निकाला। इसके बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिकंदरपुर पहुंचाया। चिकित्सक ने नीतीश को मृत घोषित कर दिया। प्रिंस व सुमित को इलाज के बाद घर भेज दिया। जैसे ही घटना की जानकारी गांव व परिजनों को मिली पूरे गांव व परिवार में कोहराम मच गया। देखते ही देखते सैकड़ो की संख्या में लोग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिकंदरपुर पहुंच गए।

चांदीपुरा वायरस को लेकर विभाग अलर्ट

एजेंसी । राजसमंद



राजस्थान में लगातार बढ़ रहे चांदीपुरा वायरस से संक्रमितों संख्या के चलते चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया है। विभाग की ओर से चिकित्सा अधिकारियों, स्वास्थ्य कार्यकर्ता और आशा सहयोगनियों को घर-घर सर्वे के दौरान साफ-सफाई के लिए आमजन को जागरुक करने और बच्चों के बीमार होने पर तुरंत चिकित्सक को दिखाई की सलाह दी जा रही है।

साफ-सफाई व मच्छर रोधी उपाय सुनिश्चित करें

प्रदेश में चांदीपुरा वायरस से संक्रमित की संख्या लगातार बढ़ रही है। इसके कारण चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से गत दिनों एडवाइजरी भी जारी की गई है। राजसमंद सीएमएचओ डॉ. हेमंत कुमार बिन्दल ने भी जिले के सभी चिकित्सा अधिकारियों एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को सर्तकता बरतने एवं सजग रहने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि यह वायरस मादा फ्लेबोटोमाइन मक्खी एवं एडीज मच्छर से फैलता है। इसलिए सभी को साफ-सफाई एवं मच्छर रोधी उपाय सुनिश्चित करने चाहिए।

लक्षण नजर आते तत्काल रेफर करने के निर्देश

राजसमंद सीएमएचओ डॉ. हेमंत कुमार बिन्दल ने सभी चिकित्सा अधिकारियों को स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं आशा सहयोगनियों के माध्यम से घर-घर संपर्क के दौरान साफ-सफाई के लिए जागरूक करने के साथ ही बच्चों में बुखार व उल्टी-दस्त के लक्षण नजर आने पर तत्काल चिकित्सा संस्थान पर रेफर करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही दैनिक रिपोर्टिंग आईएचआईपी पोर्टल पर भी करने के निर्देश दिए।

भाजपा ने स्पीकर को हटाने का दिया नोटिस

एजेंसी । रांची

झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र में 18 विधायकों के निलंबन से मुख्य विपक्षी पार्टी भाजपा बेहद नाराज है। सत्र के आखिरी दिन शुक्रवार (2 अगस्त) को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने विधानसभा के अध्यक्ष को उनके पद से हटाने का नोटिस दे दिया। झारखंड विधानसभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन के नियम 158(1) के तहत वर्तमान अध्यक्ष को उनके पद से हटाने का नोटिस भाजपा विधायकों ने दिया है।

हेमंत सरकार के इशारे पर 18 भाजपा विधायकों को किया निलंबित

झारखंड विधानसभा के प्रभारी सचिव को लिखे पत्र में भाजपा विधायकों ने कहा है कि झारखंड विधानसभा के वर्तमान अध्यक्ष अपने पद का विवेकपूर्ण इस्तेमाल नहीं कर रहे हैं। उन्होंने हेमंत सोरेन की सरकार के इशारे पर भाजपा के 18 विधायकों को निलंबित कर दिया। विधानसभा की कार्यवाही के वीडियो फुटेज का हवाला देते हुए विधायकों ने कहा है कि नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी युवाओं एवं संविदाकर्मियों के विषय पर चर्चा कराने की मांग की।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने अभियान के तहत तीन जिलों का किया दौरा

रांची। एक मुलाकात अपनों के साथ अभियान के तहत प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने अपने दो दिवसीय दौरे के क्रम में लातेहार,पलामू,गढ़वा जिले के प्रखंड अध्यक्षों एवं कार्यकर्ताओं एवं उनके परिजनों के साथ मुलाकात कर संगठन के संबंध में विस्तार पूर्वक चर्चा की। इस अभियान के दौर में उनके साथ प्रमुख रूप से प्रदेश कांग्रेस के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष मानस सिन्हा झारखंड राज्य आवास बोर्ड के अध्यक्ष संजय लाल पासवान भी साथ थे।

व्यापार जगत

बायजूस के खिलाफ नहीं चलेगी दिवालिया कार्रवाई

NCLAT ने BCCI के साथ समझौते को स्वीकार किया

कंपनी का कंट्रोल फिर से बायजू के पास

एजेंसी । नई दिल्ली

एडटेक कंपनी बायजूस पर अब दिवालिया का मामला नहीं चलेगा। नेशनल कंपनी लॉ अपीलेट ट्रिब्यूनल (NCLAT) ने शुक्रवार को बायजूस की पेरेंट कंपनी 'थिंक एंड लर्न' और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड BCCI के बीच हुए समझौते को मंजूर कर लिया है। दोनों पक्षों के बीच यह समझौता 31 जुलाई को हुआ था। एडटेक स्टार्टअप BCCI को स्पॉन्सरशिप कॉन्ट्रैक्ट का बकाया 158 करोड़ रुपए देने को राजी हो गई। बायजूस को इस राशि का भुगतान आज (शुक्रवार, 2 अगस्त) और 9 अगस्त को करना है।

अमेरिकी लेंडर्स की याचिका खारिज

BCCI और बायजूस के बीच समझौते का विरोध थिंक एंड लर्न को कर्ज देने वाले अमेरिकी लेंडर्स ने किया था। हालांकि NCLT ने पाया कि दोनों पक्षों के बीच यह समझौता कमेटी ऑफ क्रेडिटर्स (CoC) यानी कंपनी में पैसा लगाने वालों के सामने हुआ है। साथ ही, समझौते के तहत दी जाने वाली राशि का सोर्स भी उचित है।

कंपनी का कंट्रोल फिर बायजू रवींद्रन के पास

NCLAT ने नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूलन (NCLT) के 16 जुलाई के आदेश को निलंबित कर दिया है, जिसमें कंपनी पर दिवालिया कार्रवाई शुरू करने का आदेश था। हालांकि, आज के फैसले के बाद कंपनी का नियंत्रण अब बायजू रवींद्रन के पास वापस आ जाएगा। 16 जुलाई के NCLT के आदेश के बाद बायजू रवींद्रन और कंपनी की बोर्ड से कंट्रोल ले लिया गया था। इन्सॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी कोड (IBC) 2016 के मुताबिक, जिस कंपनी पर दिवालिया की कार्रवाई शुरू होती है, उसके बोर्ड से कंपनी का कंट्रोल ले लिया जाता है।

सोना 350 रुपये मजबूत, चांदी 200 रुपये फिसली

नई दिल्ली। घरेलू मांग बढ़ने और मजबूत वैश्विक रुख के कारण स्थानीय सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोने का भाव लगातार चौथे दिन बढ़त के साथ 350 रुपये चढ़कर 72,850 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। इसके उलट चांदी 200 रुपये की गिरावट के साथ 86,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई। इसका पिछला बंद भाव 86,200 रुपये प्रति किलोग्राम था।

घरेलू स्तर पर कारोबारियों ने सोने की कीमतों में वृद्धि का श्रेय खुदरा खरीदारों के साथ हाल ही में सीमा शुल्क में कटौती के कारण आभूषण विक्रेताओं की बढ़ती मांग को दिया। बाजार विशेषज्ञों के मुताबिक, सोने में निरंतर खरीद के पीछे गुरुवार को जारी कमजोर अमेरिकी आर्थिक आंकड़ों और पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव की भूमिका दिख

रही है। कमोडिटी बाजारों में निवेशक सकारात्मक धारणा दिखा रहे हैं क्योंकि वे अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा रेपो दर में कटौती की उम्मीद के बीच अपने लिए सुरक्षित निवेश गंतव्य तलाश रहे हैं।

विदेशी मुद्रा भंडार 3.47 अरब डॉलर घटा

एजेंसी । मुंबई

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 26 जुलाई को समाप्त सप्ताह में 3.471 अरब डॉलर घटकर 667.386 अरब डॉलर रह गया। इससे पहले के सप्ताह में कुल मुद्रा भंडार 4.003 अरब डॉलर बढ़कर 670.386 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर चला गया था। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, 26 जुलाई को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 1.171 अरब डॉलर घटकर 586.877 अरब डॉलर रह गईं। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है।

2027 तक 25 हजार नए जनऔषधि केंद्र खोलेगी सरकार

एजेंसी । मुंबई

केंद्र सरकार अगले तीन वर्षों में देश भर में 25 हजार नए जन औषधि केंद्र खोलेगी। शुक्रवार को लोकसभा में स्वास्थ्य बजट पर चर्चा के दौरान केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने बताया कि देश भर में जनऔषधि केंद्रों के जरिए 1,965 दवाएं और 235 मेडिकल उपकरण बेचे जाते हैं, जो 52 से 80 फीसदी तक की रियायती कीमतों पर मिलते हैं। जनऔषधि केंद्रों पर कीमतों में कमी के कारण मरीजों के अब तक करीब 28,000 करोड़ रुपये बचे हैं। इसलिए सरकार वर्ष 2027 तक 25 हजार नए जनऔषिद केंद्र खोलेगी, जिससे लोगों को सस्ती दरों पर दवाएं मिल सकें।

24,273 करोड़ रुपये बच सकते

उन्होंने आगे कहा कि इलाज के लिए सस्ती दवाएं और विश्वसनीय प्रत्यारोपण (अमृत) योजना के तहत मरीज 24,273 करोड़ रुपये बचा सकते हैं। कोरोना वैक्सीन को लेकर पूछे गए एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि 48 देशों में विश्व मैत्री में मुफ्त वैक्सीन दी गई है। हमने 100 से अधिक देशों को दवाएं भेजी है। उधर, भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने देवघर (झारखंड) एम्स में इमरजेंसी सुविधा न होने का सवाल उठाया। इस पर मंत्री ने कहा कि अस्पताल बनाना अलग बात है लेकिन वैश्विक मानकों के अनुरूप एम्स को बनाने में समय लगता है। एम्स दिल्ली 1950 के दशक में बना, लेकिन उसे एम्स का दर्जा 1960-1970 के बीच जाकर मिला। कोई भी संस्थान एक दिन में खड़ा नहीं होता है।

जब हम एम्स स्तर का कोई संस्थान खड़ा कर रहे हैं तो उसमें सारे मानकों को पूरा करना होता है। कई बार खाली पदों को भरने लिए साक्षात्कार लिए जाते हैं लेकिन कोई योग्य उम्मीदवार नहीं मिलता है। ऐसे में हम मानकों से समझौता नहीं कर सकते हैं। इसलिए दिल्ली जैसे एम्स बनने में थोड़ा समय जरूर लगेगा लेकिन उस दिशा में काम जारी है।

सेंसेक्स 885 अंक गिरकर 80,981 पर बंद

मुंबई। हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन 2 अगस्त को बाजार में गिरावट देखने को मिली। सेंसेक्स 885 अंक की गिरावट के साथ 80,981 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी में भी 293 अंक की गिरावट रही, ये 24,717 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में 25 में गिरावट और केवल 5 में तेजी रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 42 में गिरावट और 8 में तेजी रही। NSE के सेक्टोरल इंडेक्स की बात करें तो रियल्टी सेक्टर में सबसे ज्यादा 3.53% की गिरावट रही। वहीं, ऑटो में 2.92%, मेटल में 2.70%, IT में 2.41% और PSU बैंक में 1.72% की गिरावट रही। जबकि, फार्मा में 0.52% और हेल्थकेयर में 0.36% की तेजी रही। फूड डिलीवरी करने वाली कंपनी जोमैटो के शेयर में आज 19% से ज्यादा की तेजी देखने को मिली। शेयर ने 278 का ऑल टाइम हाई बनाया। हालांकि, दिनभर कारोबार करने के बाद कंपनी का शेयर 12.24% की तेजी के साथ 262.74 के स्तर पर बंद हुआ। दरअसल, अप्रैल-जून तिमाही में जोमैटो का मुनाफा सालाना आधार पर 126.5 गुना बढ़कर 253 करोड़ रुपए हो गया है। एक साल पहले की समान तिमाही में कंपनी का कंसॉलिडेटेड नेट प्रॉफिट 2 करोड़ रुपए था।

पेरिस ओलंपिक 2024

चक दे इंडिया!

भारतीय हॉकी टीम ने 52 साल बाद ओलंपिक में ऑस्ट्रेलिया को दी मात

एजेंसी । पेरिस

पेरिस ओलंपिक 2024 में भारतीय हॉकी टीम का शानदार फॉर्म जारी है। पूल-B के मुकाबले में उन्होंने ऑस्ट्रेलिया हॉकी टीम को 3-2 से हरा दिया। साल 1972 के बाद यह पहला मौका है जब भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया को ओलंपिक खेलों में हराया है। इस मुकाबले में भारत की ओर से अभिषेक ने 1 गोल और कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने 2 गोल दागे। ऑस्ट्रेलिया के लिए थॉमस क्रेग और ब्लेक गोवर्स ने गोल किया।

पहले हाफ में रहा भारत का दबदबा

पहले क्वार्टर की शुरुआत में ही भारत ने ऑस्ट्रेलिया पर दबाव बनाया और इसके चलते मैच के 12वें मिनट पर अभिषेक ने शानदार काउंटर अटैक कर फील्ड गोल मार दिया। गोल के तुरंत बाद भारतीय टीम को पेनल्टी कॉर्नर भी मिला। इस मौके को कप्तान हरमनप्रीत ने नहीं गंवाया और अगले ही मिनट में गोल दागकर स्कोर 2-0 कर दिया। पहले हाफ की समाप्ति तक स्कोर 2-0 से भारत के पक्ष में रहा। कंगारू टीम को कोई मौका नहीं मिला।

ऐसा रहा दूसरे हाफ का खेल

दूसरे क्वार्टर में ऑस्ट्रेलिया के थॉमस क्रेग ने शानदार फील्ड गोल दागा और स्कोर 2-1 पर ला दिया। इसके बावजूद भारत दबाव में नहीं आया और 32वें मिनट में टीम को एक पेनल्टी स्ट्रोक मिला और कप्तान हरमनप्रीत ने 1 और गोल दाग दिया। वह अब पेरिस ओलंपिक 2024 में 6 गोल लगा चुके हैं। तीसरे क्वार्टर तक भारतीय टीम 3-1 से आगे रही। आखिरी क्वार्टर में एकमात्र गोल पेनल्टी स्ट्रोक से ऑस्ट्रेलिया के गोवर्स ने मारा।

लगातार दूसरे ओलंपिक पदक के लिए चुनौती पेश कर रही है भारतीय हॉकी टीम

भारत ओलंपिक में पुरुष हॉकी में लगातार दूसरा पदक जीतने की कोशिश में है। टोक्यो ओलंपिक में भारत ने कांस्य पदक जीतकर हॉकी में 41 साल का ओलंपिक पदक का सूखा खत्म किया था। भारतीय टीम ने जर्मनी को एक रोमांचक मुकाबले में 5-4 से हराया था। इससे पहले भारत ने आखिरी बार 1980 में हॉकी में ओलंपिक पदक जीता था। भारत ने पुरुष हॉकी में 8 ओलंपिक स्वर्ण सहित कुल 12 पदक जीते हैं।

बेल्जियम के खिलाफ एकमात्र मुकाबला हारी है भारतीय टीम

पेरिस ओलंपिक 2024 में भारतीय हॉकी टीम को अपनी एकमात्र हार का सामना बेल्जियम हॉकी टीम के खिलाफ करना पड़ा था। पूल-B के मुकाबले में बेल्जियम टीम ने भारत को 2-1 से हराया था। इस मुकाबले में भारत की ओर से अभिषेक ने इकलौता गोल किया था, जबकि बेल्जियम की ओर से थिब्यू स्टॉकब्रोक्स और जॉन-जॉन डोहमेन ने 1-1 गोल किए थे। भारतीय टीम पहले हाफ में बढ़त बनाने के बावजूद यह मैच हार गई थी।

भाकर दूसरे स्थान पर रहते हुए 25 मीटर महिला पिस्टल स्पर्धा के फाइनल में पहुंचीं, आज तीसरे पदक की उम्मीद

मनु ऐतिहासिक हैट्रिक की दहलीज पर

एजेंसी । पेरिस

पेरिस ओलंपिक में जहां दिग्गज भारतीय खिलाड़ी निराश कर रहे वहीं हरियाणा की 22 साल की निशानेबाज मनु भाकर की पिस्टल खूब गरज रही है। वह तीन स्पर्धाओं में उतरीं और तीनों के फाइनल में पहुंचीं। दो में कांसे पर निशाना साधने के बाद अब पदकों की ऐतिहासिक हैट्रिक की दहलीज पर हैं। उन्होंने शुक्रवार को 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा के फाइनल में भी प्रवेश कर लिया। वह ऐसा करने वाली देश की पहली निशानेबाज हैं। उन्होंने सरबजोत सिंह के साथ 10 मीटर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा के कांस्य पदक जीतने के बाद कहा था, मुझे उम्मीद है कि प्यार बना रहेगा। अगर मैं और पदक नहीं जीत पाई तो कृपया नाराज नहीं हों। पर 25 मीटर स्पर्धा में उनके इस बेजोड़ प्रदर्शन ने देशवासियों की उम्मीदें बढ़ा दी हैं। शनिवार को होने वाले फाइनल में उनसे स्वर्ण पदक की आस की जा रही है। वह क्वालीफिकेशन में 590 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहीं।

नंबर गेम

- 590 कुल अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रही भारतीय निशानेबाज
- 3 स्पर्धाओं के फाइनल में पहुंचने वाली देश की पहली खिलाड़ी

वेरोनिका से दो अंक कम

मनु ने प्रिसिजन दौर में 10-10 निशानों की तीन सीरीज में क्रमशः 97, 98 और 99 अंक जुटाए। रैपिड दौर में उन्होंने तीन सीरीज में 100, 98 और 98 अंक हासिल किए। उनके शीर्ष पर रही हंगरी की मेजर वेरोनिका (592) से दो अंक कम रहे। वेरोनिका ने ओलंपिक के क्वालीफिकेशन रिकॉर्ड की बराबरी की।

वेरोनिका से दो अंक कम

मनु ने प्रिसिजन दौर में 10-10 निशानों की तीन सीरीज में क्रमशः 97, 98 और 99 अंक जुटाए। रैपिड दौर में उन्होंने तीन सीरीज में 100, 98 और 98 अंक हासिल किए। उनके शीर्ष पर रही हंगरी की मेजर वेरोनिका (592) से दो अंक कम रहे। वेरोनिका ने ओलंपिक के क्वालीफिकेशन रिकॉर्ड की बराबरी की।

तीसरे से दूसरे पर पहुंची मनु

क्वालीफिकेशन के प्रिसिजन दौर के बाद मनु और ईशा क्रमशः तीसरे और 10वें स्थान पर थी। प्रिसिजन दौर में शीर्ष दो स्थान पर रहीं वेरोनिका और फ्रांस की कैमिली जेद्रेजेवस्की ने भी मनु के समान 294 अंक जुटाए लेकिन दोनों ने 'एक्स' (लक्ष्य का केंद्र) पर अधिक निशाने लगाकर पहले दो स्थान पर कब्जा जमाया। मनु ने 'एक्स' पर सात निशाने साधे जबकि वेरोनिका और कैमिली ने क्रमशः 15 और 13 बार ऐसा किया।

जूडोको तूलिका 28 सेकंड में बाहर

एजेंसी । पेरिस

भारतीय जूडो खिलाड़ी तूलिका मान (प्लस 78 किग्रा) ओलंपिक के पहले दौर में बाहर हो गईं। मान को शुक्रवार को लंदन ओलंपिक की चैंपियन क्यूबा की इडेलिस ओर्टिज के खिलाफ मात्र 28 सेकंड में शिकस्त का सामना करना पड़ा। राष्ट्रमंडल खेलों की रजत विजेता दिल्ली की मान को क्यूबा की खिलाड़ी के खिलाफ इप्पोन से 0-10 से शिकस्त मिली। क्यूबा की खिलाड़ी के नाम चार ओलंपिक पदक हैं।

भारत का अभियान खत्म

मान की हार के साथ जूडो में भारत का अभियान खत्म हो गया। वह पेरिस खेलों में इस प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली



एकमात्र खिलाड़ी थीं। इप्पोन दांव में जूडो खिलाड़ी अपने विरोधी को मैट पर काफी ताकत और गति से उसकी पीठ के बल गिराता है। इप्पोन तब दिया गया है जब कोई खिलाड़ी विरोधी को 20 सेकंड तक अपनी गिरफ्त में रखता है या फिर विरोधी खिलाड़ी हार मान लेता है।

एंडी मरे की आसुंओं के साथ विदाई

नंबर गेम

- 1 हजार एक मैच खेले जिसमें से 739 जीते और 262 हारे
- 2 स्वर्ण पदक ओलंपिक में जीतने वाले अकेले खिलाड़ी
- 3 ग्रैंड स्लैम खिताब
- 14 एलीट खिताब जीते, जो 1990 के बाद पांचवें सर्वाधिक हैं
- 46 कुल ट्रॉफियां करियर में जीतीं

एजेंसी । पेरिस

दो बार के ओलंपिक चैंपियन ब्रिटिश के टेनिस स्टार एंडी मरे आंसुओं के साथ कोर्ट से विदा हुए। अपना अंतिम पेशेवर टूर्नामेंट खेल रहे मरे को अपने साथी डेनियल इवांस के साथ युगल के क्वार्टर फाइनल में अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज और टॉमी पॉल के हाथों 2-6, 4-6 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। इसके साथ ही 37 वर्षीय मरे के 14 साल लंबा पेशेवर करियर खत्म हो गया। उन्होंने पहले ही घोषणा कर दी थी कि पेरिस ओलंपिक उनके पेशेवर करियर के आखिरी खेल होंगे।



नम थी आंखें

वह इस खेल को अलविदा कहने के लिए जब कोर्ट पर उतरे तो उनकी आंखें नम थी। उन्होंने कहा, मुझे पता था कि यह पल आने वाला है। यह अगर आज नहीं हुआ होता तो कुछ दिनों के बाद होने वाला था। मैं इसके लिए तैयार था। जाहिर है, मैं भावुक हूं क्योंकि यह आखिरी बार था जब मैंने किसी प्रतिस्पर्धी मैच को खेला। मैं वास्तव में अभी खुश हूं। मुझे खुशी है कि मुझे यहां ओलंपिक में जाने और अपनी शर्तों पर समापन करने का मौका मिला।

ओलंपिक के समापन समारोह में भाग ले सकते हैं क्रूज

एजेंसी । लॉस एंजिलिस

हॉलीवुड सुपरस्टार टॉम क्रूज के 11 अगस्त को पेरिस ओलंपिक के समारोपन समारोह में हिस्सा लेने की उम्मीद है। मिशन इम्पॉसिबल सीरीज, टॉप गन और ऐज ऑफ टुमॉरो जैसी बेहद सफल फिल्मों में काम करने वाले एक्शन हीरो क्रूज के समापन समारोह में एक स्टंट करने की उम्मीद है जब ओलंपिक ध्वज 2028 ओलंपिक के मेजबान शहर लॉस एंजिलिस को सौंपा जाएगा। 'डेडलाइन' प्रकाशन ने विश्वसनीय सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी।

मुंबई के मैदानों से

मेन ड्रॉ में विशेष

दोपहर संवाददाता । मुंबई

मेजबान बोरिवली मंडपेश्वर सिविक फेडरेशन के विशेष शारदा ने तीन प्रतिद्वंदियों को परास्त करके एमसीएफ-टीएसटीटीए- द्वितीय जिला रैंकिंग टेबल टेनिस स्पर्धा पुरुष एकल वर्ग के मेन ड्रॉ में प्रवेश कर लिया। विशेष ने निलेश गोहिल, अनुपम रजक और अमित तेलंग को हराया। इसके अलावा ग्रुप एक से आयुष सोनावणे और शांतनु जोशी, ग्रुप दो से सारंग भागड़ीकर और भरत कोटेचा, ग्रुप तीन से संतोषी कोलाप्ते और सम्यक लांगडे, ग्रुप चार से रकीब मर्चेंट और योगेश देसाई, ग्रुप पांच से ऋत्विक नागले और विवेक रोहेरा, ग्रुप छह से विशेष शारदा और अनुपम रजक, ग्रुप सात से नविन वर्गीज और निलेश येदागे, ग्रुप आठ से सागर धनु और विशाल यादव, ग्रुप नौ से ध्रुव शाह और जितेन्द्र कुमार तथा ग्रुप दस से अर्णव दुबे और जयंत शेनॉय ने पुरुष एकल वर्ग मुख्य ड्रॉ में जह बनाई।

फिल्म 'उलझ'
रेटिंग : 2/5 स्टार

2

अपनी ही कहानी में 'उलझ' गई है फिल्म

@लोकेश चंद्रा

फिल्म का नाम उलझ है लेकिन फिल्म उलझा नहीं पाती, सीधी सीधी है, सुलझी हुई है। अपने नाम की इज्जत नहीं रख पाती। आप फिल्म देखते हुए उलझते नहीं हैं और एक सुलझे हुए इंसान की तरह ये समझ जाते हैं कि ये फिल्म बिल्कुल उलझी हुई नहीं है।

डायरेक्शन: सुधांशु सारिया
स्टारकास्ट: जाह्नवी कपूर, गुलशन देवैया, रोशन मैथ्यू और शिव पंडित

कहानी जाह्नवी कपूर यानि सुहाना भाटिया को इंडियन डिप्लोमेसी में एक बड़ी पोस्ट मिल जाती है। परिवार में कई बड़े डिप्लोमेट हैं तो लोग बोलते हैं नेपोटिज्म हुआ है। मतलब इतना सच, खैर इसके बाद उनका एमएमएस बन जाता है और फिर शुरु होता है पाकिस्तान के एजेंट का ब्लैकमेलिंग का खेल और फिर देश को बचाने की वही कहानी को हम देख सुन चुके हैं।

कैसी है फिल्म?

ये समझने में मुझे कुछ वक्त लगा कि ये फिल्म क्या है, ये एक MMS लीक है, ये एक स्पाई थ्रिलर है या फिर क्या है। स्लो शुरुआत के बाद फिल्म में MMS वाला ट्विस्ट आता है और फिर आप इंतजार ही करते रह जाते हैं कि कब आप उलझेंगे। फिल्म बोर करती है और झेली नहीं जाती। वही पाकिस्तान और हिंदुस्तान की दोस्ती दुश्मनी, मतलब कब तक ये अत्याचार सहेंगे हम। इतना अत्याचार तो पाकिस्तान पर उनको इकोनॉमी ने नहीं किया जितना ऐसी कहानियां कर देती हैं। एंड में क्या होगा ये सबको पता है, अब जाह्नवी के लिए फिल्म बनी है तो वो जीतेगी ही और जीत जाती है और दर्शक एक बार फिर हार जाता है।

एक्टिंग

जाह्नवी ने अच्छी कोशिश की है, लेकिन उनका किरदार खराब तरीके से लिखा गया है। मेकर्स इन्हें दिखाना क्या चाहते हैं, डिप्लोमेट है तो कुछ भी कैसे कर सकती हैं। जाह्नवी ने हर तरह के शेड को निभाने की अच्छी कोशिश की है, ऐसी कोशिश करती रहेंगी तो वो जरूर एक दिन कमाल की एक्ट्रेस बनेंगी। गुलशन देवैया फिल्म की जान हैं, ये शख्स पर्दे पर मासूमियत के बाद जो खौफ लाता है वो काबिले तारीफ है. फिल्म में हर ट्विस्ट गुलशन लाते हैं और बड़े शानदार अंदाज में इसके बाद गुलशन के पास विलेन के किरदार के काफी ऑफर आएंगे। और इंडस्ट्री को भी एक नया नायक मिला है जो खलनायक का किरदार बड़े कमाल तरीके से निभा सकता है। रोशन मैथ्यू का काम शानदार है। आदिल हुसैन तो हैं ही कमाल के एक्टर। राजेश तैलंग ने भी एक बार फिर कमाल का काम किया है। उनका किरदार जिस तरह शेड्स बदलता है वो बताता है कि राजेश तैलंग की कद के अभिनेता है। सब कलाकार शानदार हैं।

डायरेक्शन

सुधांशु सरिया ने फिल्म डायरेक्ट की है और उनका काम अच्छा नहीं है। वो इतने सारे एक्टर्स को ठीक से इस्तेमाल नहीं कर पाए। उन्होंने ही परवेज शेख के साथ ये फिल्म लिखी है। उन्हें फिल्म का नाम उलझ रखने से पहले ये समझना चाहिए था कि वो किसे उलझा रहे हैं। क्या वो दर्शकों को उलझा पाएंगे, दर्शक आज बहुत समझदार है, वो खुद फैसला करता है कि कोई फिल्म अच्छी है या नहीं और देखनी चाहिए या नहीं। कुल मिलाकर ये फिल्म एवरेज है, आपके पास एक्स्ट्रा टाइम हो तो देख लीजिए।

ओटीटी पर रिलीज

अमेजन प्राइम वीडियो पर दस्तक देगी 'कल्कि 2898 AD'

प्रभास, दीपिका पादुकोण और अमिताभ बच्चन जैसे दिग्गज सितारों की अदाकारी से सजी फिल्म 'कल्कि 2898 AD' को सिनेमाघरों में रिलीज का छठा सप्ताह चल रहा है और यह दर्शकों के बीच मजबूत से टिकी हुई है। जहां घरेलू बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म ने 635.95 करोड़ रुपये का कारोबार कर लिया है, वहीं दुनियाभर में यह फिल्म 1,100 करोड़ रुपये की कमाई का आकंड़ा पार कर चुकी है। अब 'कल्कि 2898 AD' अपनी OTT रिलीज को तैयार है।

अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकेंगे यह फिल्म

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सिनेमाघरों में धमाल मचाने के बाद 'कल्कि 2898 AD' OTT प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर दस्तक देगी। फिल्म का प्रीमियर 23 अगस्त से होगा। जल्द इस खबर की आधिकारिक घोषणा की जाएगी। नाग अश्विन के निर्देशन में बनी इस फिल्म की कहानी महाभारत से 6,000 साल के बाद के उस समय को दर्शाती है, जब अधर्म अपने चरम पर होगा और कल्कि का जन्म होगा, जो राक्षसों का अंत करके एक नए युग का आरंभ करेगा।

नेटफ्लिक्स ने 'उलझ' के OTT राइट्स खरीदे

अभिनेत्री जाह्नवी कपूर की बहुचर्चित फिल्म 'उलझ' आखिरकार लंबे इंतजार के बाद आज यानी 2 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। हालांकि, फिल्म को समीक्षकों और दर्शकों से कुछ खास प्रतिक्रिया नहीं मिल रही है। हालांकि, प्रशंसकों ने जाह्नवी की अदाकारी की तारीफ की है। अब 'उलझ' की OTT रिलीज से जुड़ी अहम जानकारी सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, नेटफ्लिक्स ने इस फिल्म के OTT राइट्स खरीद लिए हैं।

नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी फिल्म

जाह्नवी की 'उलझ' सिनेमाघरों के बाद नेटफ्लिक्स पर दस्तक दे सकती है। इस फिल्म का प्रीमियर सितंबर के अंत तक किया जाएगा। फिलहाल इस खबर की आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है। 'उलझ' एक युवा राजनयिक सुहाना की कहानी है, जो देशभक्तों के परिवार से है। जाह्नवी, सुहाना बन गद्दारी, धोखे और वफादारी के जाल के बीच अपने वतन के लिए देशभक्ति साबित करने में लगी है। फिल्म की कहानी भारतीय विदेश सेवा (IFS) की जोखिमभरी दुनिया पर आधारित है। जाह्नवी के अलावा 'उलझ' में रोशन मैथ्यू, गुलशन देवैया और आदिल हुसैन जैसे कलाकार भी नजर आ रहे हैं। सुधांशु सरिया ने इस फिल्म का निर्देशन किया है। उन्होंने साल 2015 में आई रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'लव' से निर्देशन की शुरुआत की थी। बॉक्स ऑफिस पर 'उलझ' का सामना अजय देवगन की फिल्म 'औरों में कहां दम था' से होगा।

'औरों में कहां दम था' प्राइम वीडियो पर देगी दस्तक

अजय देवगन और तब्बू की फिल्म 'औरों में कहां दम था' दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। पहले दिन का पहला शो देखकर लौटे दर्शकों को फिल्म पसंद आ रही है। समीक्षकों की ओर से भी इस फिल्म को हरी झंडी मिल गई है। अब 'औरों में कहां दम था' की OTT रिलीज से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी सामने आई है।

अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी फिल्म

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अजय और तब्बू की 'औरों में कहां दम था' सिनेमाघरों के बाद OTT प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हो सकती है। कहा जा रहा है कि प्राइम वीडियो ने इस फिल्म के OTT राइट्स खरीद लिए हैं। इस फिल्म का प्रीमियर सितंबर के अंत तक किया जाएगा। फिलहाल इस खबर की आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है।



जिमी शेरगिल भी हैं इस फिल्म का हिस्सा

'औरों में कहां दम था' के निर्देशन की कमान नीरज पांडे ने संभाली है। फिल्म की कहानी भी इन्होंने ही लिखी है। शीतल भाटिया, नरेंद्र हीरावत, कुमार मंगत पाठक और संगीता अहीर इस फिल्म के निर्माता हैं। जिमी शेरगिल भी इस फिल्म का हिस्सा हैं।

अक्षय कुमार ने फ्लॉप फिल्मों पर तोड़ी चुप्पी

अक्षय कुमार की फिल्म 'खेल खेल में' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। यह फिल्म 15 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इससे पहले अक्षय फिल्म 'सरफिरा' में नजर आए थे, लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर कमाल नहीं दिखा सकी। 'सरफिरा' से पहले आईं अक्षय की 7 फिल्में लगातार फ्लॉप हुई हैं। लग रहा है कि 'खेल खेल में' से अक्षय की हिट की तलाश पूरी हो जाएगी। अब अक्षय ने पिछली फिल्मों की असफलताओं पर फिर बात की है।

मैं हमेशा काम करता रहूंगा- अक्षय

अक्षय ने 'खेल खेल में' के ट्रेलर लॉन्च पर कहा, रजो होता है अच्छे के लिए होता है। मैं बहुत ज्यादा नहीं सोचता। मेरी 4-5 फिल्में नहीं चलीं। लोग बोलते हैं, 'सॉरी यार, चिंता मत करना। सब ठीक हो जाएगा।' अरे यार मैं मरा नहीं हूं। मैं यहीं हूं। मैं मरा नहीं हूं।' उन्होंने आगे कहा, मैं हमेशा काम करता रहूंगा। लोग कुछ भी कहें।

न्यूज़ ब्रीफ

कोविड के टीकों पर केंद्र ने खर्च किए 36 हजार करोड़ रुपए

नई दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने लोकसभा में कहा कि देश भर में 29 जुलाई तक कोविड-19 वैक्सीन की 220 करोड़ से अधिक खुराकें दी जा चुकी हैं। उन्होंने कहा कि भारत ने वैक्सीन मैत्री कार्यक्रम के तहत 99 देशों और दो संयुक्त राष्ट्र संगठनों को कोविड-19 टीकों की 3,012 लाख से अधिक खुराक भेजी हैं। वहीं राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को मुफ्त आपूर्ति के लिए कोविड टीकों की खरीद पर लगभग 36 हजार 398 करोड़ रुपये का खर्च किए गए हैं। राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने कहा कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को टीकों का आवंटन आनुपातिक लक्षित आबादी, वहां टीकाकरण की प्रगति और टीकों की बर्बादी के आधार पर किया गया है। उन्होंने कहा कि राज्यों के भीतर कोविड टीकों का वितरण राज्य प्रशासन की तरफ से कार्यक्रम की आवश्यकता के अनुसार प्रबंधित किया जाता है।

न्यायाधीशों की छुट्टियों पर रिपोर्ट SC और HC को भेजी : सरकार

नई दिल्ली। सरकार ने न्यायाधीशों के लिए अलग-अलग छुट्टियों पर संसदीय समिति की सिफारिशों को उच्चतम न्यायालय के महासचिव और 25 उच्च न्यायालयों के रजिस्ट्रार जनरलों को विचार के लिए भेज दिया है। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने शुक्रवार को लोकसभा को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया, कानून और कार्मिक मामलों की स्थायी समिति ने भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश आरएम लोढ़ा के सुझाव का हवाला दिया है कि सभी न्यायाधीशों को एक ही समय पर छुट्टी पर जाने के बजाय, साल के अलग-अलग समय पर अपनी छुट्टी लेनी चाहिए। ताकि अदालतें लगातार खुली रहें और वे हमेशा मामलों की सुनवाई के लिए मौजूद रहें।

नए संसद भवन के डिजाइन की समीक्षा होनी चाहिए : गोगोई

नई दिल्ली। लोकसभा में कांग्रेस के उप नेता गौरव गोगोई ने शुक्रवार को कहा कि नए संसद भवन के डिजाइन, निर्माण और सुविधाओं की समीक्षा की जानी चाहिए। गोगोई ने एक्स पर पोस्ट किया, नए संसद भवन में 'भारतीय संसदीय लोकतंत्र की महानतम परंपराओं को प्रतिबिंबित करने के लिए बहुत कुछ किया जाना बाकी है। संसद भारत के लोगों की है, न कि किसी एक पार्टी या एक व्यक्ति की। उनकी यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब गुरुवार को विपक्षी नेताओं ने नए संसद भवन की एक लॉबी में 'पानी के रिसाव को लेकर सरकार पर कटाक्ष किया था।

कांग्रेस के डीएनए में किसान विरोध: शिवराज सिंह चौहान

नई दिल्ली। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राज्यसभा में कहा कि कांग्रेस के डीएनए में किसान विरोध है, उसकी प्राथमिकताएं गलत रही हैं। मोदी सरकार ने कृषि क्षेत्र की प्राथमिकताओं को बदला है, अब इसके अच्छे परिणाम देखने को मिल रहे हैं। शिवराज ने अपने मंत्रालय के कामकाज पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि भारत राष्ट्र जितना प्राचीन है, कृषि भी उतनी ही प्राचीन है। उन्होंने कहा कि वह देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का आदर करते हैं, लेकिन उन्होंने पारंपरिक भारतीय कृषि की परवाह नहीं की। नेहरू रूस गए, वहां का मॉडल देखा और कहा कि इसे यहां लागू करो। भारत रत्न चौधरी चरण सिंह ने इसका विरोध किया।

चौथे दिन सेना ने 4 लोगों को जिंदा निकाला

वायनाड लैंडस्लाइड फोन की लास्ट लोकेशन से लाशें ढूंढी जा रहीं

एजेंसी । वायनाड

केरल के वायनाड में भारतीय सेना ने भूस्खलन के चार दिन बाद चार लोगों को जिंदा बाहर निकाला है। इनमें दो महिलाएं और दो पुरुष शामिल हैं। चारों एक ही परिवार के हैं। इनके रिश्तेदारों की सूचना पर बचावकर्मी इस इलाके में पहुंचे थे। ये लोग पदावेट्टी कुन्नू में फंसे हुए थे। इनमें से एक महिला को चलने में दिक्कत आ रही है। महिला का इलाज किया जा रहा है। भूस्खलन के चौथे दिन शुक्रवार को बचावकर्मियों की 40 टीम ने बारिश और प्रतिकूल परिस्थितियों के बीच तलाश एवं बचाव अभियान शुरू किया और चार लोगों को बचाया। भारतीय सेना की तरफ से कहा गया कि ऑपरेशन को सटीकता और सावधानी के साथ अंजाम दिया गया, जिससे सभी लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। घायलों को निकालने में समन्वय बनाया गया और बचाव कार्य को सुविधाजनक बनाने के लिए लाइट हेलीकॉप्टर (ALH) का उपयोग किया गया। ऑपरेशन की तेजी के चलते मलबे के बीच फंसे हुए लोगों को समय पर निकाला जा सका है।

ब्रिज बनने से बचाव कार्य में तेजी

अधिकारियों ने बताया कि 190 फुट लंबे 'बेली ब्रिज' का निर्माण पूरा होने से बचाव अभियान में तेजी आई है। इस पुल के जरिए खुदाई करने वाली मशीनों सहित भारी मशीनें और एम्बुलेंस मुंडक्कई और चूरलमाला तक पहुंच पाएंगी। बचावकर्मियों की 40 टीम भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों के छह जोन अट्टामाला और आरणमाला, मुंडक्कई, पुंचिरिमट्टम,वेल्लारीमाला गांव, जीवीएचएसएस वेल्लारीमाला में पीड़ितों की तलाश करेंगी। बचावकर्मियों की टीम में सेना, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), डीएसजी, तटरक्षक बल, नौसेना और एमईजी के कर्मियों के साथ-साथ तीन स्थानीय लोग और वन विभाग का कर्मचारी शामिल होगा।

चलियार नदी में भी होगी तलाश

अधिकारियों के अनुसार इसके अलावा चलियार नदी में भी पीड़ितों की तलाश की जाएगी। उन्होंने बताया कि चालियार के 40 किलोमीटर क्षेत्र में स्थित आठ पुलिस थाने के पुलिसकर्मी और स्थानीय तैराक बलों के साथ मिलकर उन शवों की खोज करेंगे, जो संभवत: बहकर नीचे चले गए हैं या नदी के किनारे फंसे हुए हैं। बचाव योजना के अनुसार, तटरक्षक बल, नौसेना और वन विभाग के कर्मी संयुक्त रूप से नदी के किनारों और उन क्षेत्रों पर तालाश अभियान संचालित करेंगे जहां शव फंसे होने की आशंका है। राजस्व मंत्री के. राजन ने एक दिन पहले कहा था कि मलबे में दबे शवों का पता लगाने के लिए दिल्ली से ड्रोन आधारित रडार शनिवार को वायनाड लाया जाएगा।

इलेक्टोरल बॉण्ड स्कीम की नहीं होगी SIT जांच

सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कीं सभी याचिकाएं

एजेंसी । नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी बॉण्ड योजना की अदालत की निगरानी में जांच के अनुरोध वाली कई याचिकाओं को शुक्रवार को खारिज कर दिया। चीफ जस्टिस डी. वाई. चंद्रचूड़ और जस्टिस जे. बी. पारदीवाला की बेंच ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत इस चरण में हस्तक्षेप करना अनुचित और समय पूर्व कार्रवाई होगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह इस धारणा पर इलेक्टोरल बॉण्ड की खरीद की जांच का आदेश नहीं दे सकती कि यह अनुबंध देने के लिए एक तरह का लेन-देन था। बता दें कि चुनावी बॉण्ड योजना को सुप्रीम कोर्ट ने इस साल फरवरी में रद्द कर दिया था।

अदालत ने याचिकाओं को खारिज करते हुए कही ये बात

बेंच ने याचिकाओं को खारिज करते हुए कहा, 'अदालत ने चुनावी बॉण्ड को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर विचार किया क्योंकि इसमें न्यायिक समीक्षा का पहलू था। लेकिन आपराधिक गड़बड़ियों से जुड़े मामलों को अनुच्छेद 32 के तहत नहीं लाया जाना चाहिए, जब कानून के तहत उपाय उपलब्ध हैं।' सुप्रीम कोर्ट गैर सरकारी संगठनों 'कॉमन कॉज' और 'सेंटर फॉर पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन' (CPIL) तथा अन्य द्वारा दायर याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। दोनों गैर सरकारी संगठनों की जनहित याचिका में इस योजना की आड़ में राजनीतिक दलों, कॉरपोरेशन और जांच एजेंसियों के बीच स्पष्ट मिलीभगत का आरोप लगाया गया। बता दें कि दोनों गैर सरकारी संगठनों की जनहित याचिका में राजनीतिक दलों और कंपनियों के बीच 'स्पष्ट लेन-देन' का आरोप लगाया गया था।

'न्यूक्लियर पावर प्लांट' लगने से पहले भारी विरोध

चलाने पड़े लाठी और आंसू गैस

एजेंसी । बांसवाड़ा

बांसवाड़ा में प्रस्तावित न्यूक्लियर पावर प्लांट को लेकर स्थानीय लोगों ने भारी विरोध शुरू कर दिया है। प्लांट के लिए जमीन खाली करवाने गई पुलिस और लोगों के बीच टकराव हो गया है। विरोध कर रहे स्थानीय लोगों ने पुलिस पर पथराव कर दिया तो पुलिस ने भी लोगों पर लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले छोड़े। दरअसल, बांसवाड़ा के छोटी सरवन में 2800 मेगावाट का न्यूक्लियर पावर प्लांट लगना है। यहां से लोगों को दूसरी जगह शिफ्ट किया जा रहा था।

ज्यादा मुआवजे को लेकर विवाद?

बताया जा रहा है कि मुआवजा देने के बाद भी जमीन खाली नहीं की जा रही थी। इसी मामले को लेकर तीन जिलों की पुलिस को मौके पर तैनात किया गया और यहां से लोगों को हटाना था। अगस्त में इस प्लांट का शिलान्यास होना था। इसी कारण इन परिवारों को दूसरी जगह शिफ्ट कराया जा रहा था। जबकि स्थानीय लोग ज्यादा मुआवजा देने की लगातार मांग कर रहे थे और दूसरी जगह शिफ्ट होने से मना कर दिया था। ऐसे में प्रशासन आज पुलिस की मदद से इन लोगों को शिफ्ट करने का प्रयास कर रहे थे, लेकिन ग्रामीण इसके विरोध में उतर गए और हाईवे जाम कर दिया।

लोगों ने पथराव भी किया

सुबह से ही लोगों की भीड़ जुटना शुरू हो गई थी। सुबह करीब 10:30 बजे बड़ी संख्या में लोग यहां पहुंच गए और नारेबाजी करने लगे। विरोध को बढ़ता देख पुलिस ने जब इन्हें हटाना शुरू किया तो पथराव शुरू कर दिया। इस पथराव में क्यूआरटी का जवान कल्पेश गरासिया घायल हो गया, जिसके सिर पर पत्थर लगा। उसे बांसवाड़ा के एमजी हॉस्पिटल में एडमिट करवाया गया है। वही एक एसएचओ और सिपाही को भी चोट लगी। बीएपी नेता समेत कई लोग हिरासत में लिए गए हैं। इस विरोध प्रदर्शन में स्थानीय महिलाओं ने नेशनल हाईवे 927-A (बांसवाड़ा-डूंगरपुर-रतलाम) हाईवे को जाम कर दिया।

सरकारी शेल्टर होम में 14 की मौत से हड़कंप

केजरीवाल सरकार ने दिए जांच के आदेश

एजेंसी । नई दिल्ली

राजधानी के रोहिणी में दिल्ली सरकार के शेल्टर होम 'आशा किरण' में रहने वाले मानसिक रूप से बीमार 14 लोगों की मौतें होने की बात सामने आई है। इस मामले की जानकारी मिलने के बाद अरविंद केजरीवाल सरकार ने पूरे मामले की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश देते हुए 48 घंटे में रिपोर्ट मांगी है। रिपोर्ट के मुताबिक, दिल्ली के रोहिणी स्थित सरकारी शेल्टर होम 'आशा किरण' में जनवरी 2024 से अब तक हुई 14 मौतों से संबंधित मामले में दिल्ली की मंत्री आतिशी ने अतिरिक्त मुख्य सचिव (राजस्व) को तत्काल पूरे मामले की मजिस्ट्रेट जांच शुरू करने और 48 घंटे के भीतर रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए हैं।

500 का था इंतजाम, रखे गए 950 लोग

मंत्री ने उन लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने की सिफारिश करने का भी निर्देश दिया है, जिनकी लापरवाही के कारण ये मौतें हुई हैं और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए सुझावात्मक उपाय सुझाने के भी निर्देश दिए हैं। आतिशी ने कहा कि राजधानी दिल्ली में ऐसी बुरी खबर सुनना बहुत चौंकाने वाला है और अगर यह सच पाया जाता है तो हम इस तरह की चूक बर्दाश्त नहीं कर सकते। यह एक बहुत गंभीर मुद्दा है और इसकी गहन जांच की जानी चाहिए।

पहले भी विवादों में घिरा रहा आशा किरण, पहले भी 6 साल 196 की मौत

दिल्ली सरकार के समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित 350 लोगों के रहने की क्षमता वाले इस शेल्टर होम की स्थापना 1989 में रोहिणी सेक्टर-1 में की गई थी। उस समय, यह पूरे उत्तर भारत में मानसिक रूप से कमजोर लोगों के लिए एकमात्र सरकारी शेल्टर होम था। हालांकि, आशा किरण पिछले कुछ वर्षों में हुई मौतों के कारण विवादों में घिरा रहा है। रिकॉर्ड के अनुसार, 2011 से 2017 के बीच आशा किरण में 123 पुरुष और 73 महिलाओं की मौत हुई। 2008-09 में नवंबर और दिसंबर में 16 मौतें हुईं। दिसंबर और जनवरी 2009-10 के बीच कुल 23 लोगों की मौत हुई; अगस्त और सितंबर 2012-13 के बीच नौ; अक्टूबर और नवंबर 2013-14 में 13; अप्रैल-मई 2014-15 में 11 और नवंबर-दिसंबर 2015-16 में 13 वहीं वर्ष 2017-18 में नवंबर-दिसंबर की अवधि में सात मौतें हुईं।

अधिकांश मृतकों की उम्र 20 से 30 साल के बीच

रिपोर्ट के अनुसार, एक सरकारी अधिकारी ने बताया, रजनवरी में तीन, फरवरी में दो, मार्च में एक, अप्रैल में तीन और मई में शून्य मौतें हुई थीं। हालांकि, जून और जुलाई में संख्या में चिंताजनक वृद्धि हुई।र आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, मरने वाले अधिकांश लोगों की उम्र 20 से 30 साल के बीच थी और मौत का कारण फेफड़ों में इन्फेक्शन, टीबी और निमोनिया सहित विभिन्न स्वास्थ्य समस्याएं बताया गया है। सूत्रों ने बताया कि रोहिणी में दिल्ली सरकार द्वारा संचालित बाबा साहेब अंबेडकर अस्पताल में दो शवों का पोस्टमॉर्टम होना बाकी है। एक आधिकारिक सूत्र ने कहा कि ऐसे मामले भी थे, जिनमें लोगों में कुपोषण के लक्षण दिखे। फूड पॉइजनिंग की संभावना को खारिज करने के लिए फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (FSL) की रिपोर्ट का भी इंतजार किया जा रहा है।

देवभूमि हिमाचल प्रदेश में तबाही, बादल फटने के बाद से 45 लोग लापता

शिमला। हिमाचल प्रदेश के तीन जिलों में बादल फटने से आई बाढ़ के बाद 45 से अधिक लापता लोगों को ढूंढने के लिए बचाव अभियान शुक्रवार को जारी है। अधिकारियों ने यह जानकारी देते हुए यह भी बताया कि राज्य में एक बिजली परियोजना स्थल पर फंसे 29 लोगों को पूरी रात चले अभियान के बाद सुरक्षित निकाल लिया गया। कुल्लू जिले के निरमंड, सैंज और मलाना इलाकों में, मंडी के पधर और शिमला जिले के रामपुर में बुधवार को बादल फटने के बाद अचानक आई बाढ़ से पांच लोगों की मौत हो गई और 45 से अधिक लोग लापता हो गए। जिले के मणिकर्ण क्षेत्र में मलाना द्वितीय विद्युत परियोजना में भी 33 लोग फंस गए। कुल्लू उपायुक्त तोरुल एस.रवीश ने बताया कि 33 में से 29 लोगों को निकाल लिया गया है।

रेस्क्यू ऑपरेशन जारी

बारिश के कारण एक सुरंग की दीवार और रास्ता क्षतिग्रस्त हो गया और बैराज में पानी आ गया। लेकिन राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और होमगार्ड की टीमें 29 लोगों को बचाने में सफल रहीं, जबकि चार लोग अभी भी पावर हाउस में हैं। अधिकारियों ने बताया कि घटनास्थल पर सेना, एनडीआरएफ, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस, राज्य आपदा मोचन बल, पुलिस और होमगार्ड बचाव अभियान चला रहे हैं। लापता लोगों की खोज के लिए ड्रोन की मदद भी ली जा रही है।

दिल्ली में कोचिंग हादसे की होगी CBI जांच, हाई कोर्ट का आदेश

नई दिल्ली। दिल्ली कोचिंग हादसे को लेकर हाई कोर्ट ने बड़ा आदेश जारी किया है। हादसे जांच कोर्ट ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (CBI) कों सौंपने का आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा कि मामले की गंभीरता को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। कोर्ट ने आदेश देते हुए एक आशंका जताई है। कोर्ट का मानना है कि इसमें सरकारी कर्मचारियों का भ्रष्टाचार भी शामिल हो सकता है। बीते शनिवार को दिल्ली के राजेंद्र नगर की एक कोचिंग में बड़ा हादसा हो गया था, जिसमें तीन स्टूडेंट्स की मौत हो गई थी। अब इसकी जांच सीबीआई करेगी। दिल्ली आईएएस कोचिंग हादसे को लेकर सीबीआई जांच का आदेश देने के बाद कोर्ट ने कहा कि सीबीआई जांच की निगरानी के लिए एक वरिष्ठ अधिकारी को नामित करना होगा। इसके लिए सीवीसी को आदेश दिया गया है। जांच में नामित अधिकारी यह तय करेगा कि कोचिंग हादसे की जांच समय से पूरी की जा सके और इसमें किसी तरह की देरी ना हो।

मामला 27 जुलाई की शाम का है। दिल्ली के कई इलाकों में झमाझम बारिश हो रही थी। इस दौरान ओल्ड राजेंद्र नगर की सड़कें भी पानी से लबालब भर गई थीं। इस दौरान राजेंद्र नगर इलाके की राव आईएएस कोचिंग के बेसमेंट में एक लाइब्रेरी में कई स्टूडेंट्स पढ़ रहे थे।

जानकारी देश में 836 लोगों पर एक डॉक्टर, 13,86,136 एलोपैथिक डॉक्टर पंजीकृत

देश में डॉक्टर-जनसंख्या अनुपात WHO के मानक से बेहतर : सरकार

एजेंसी । नई दिल्ली

स्वास्थ्य राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने शुक्रवार को लोकसभा को बताया कि देश में डॉक्टर-जनसंख्या अनुपात डब्ल्यूएचओ के मानक से बेहतर है। उन्होंने कहा, देश में 836 लोगों पर एक डॉक्टर है, जबकि डब्ल्यूएचओ मानक के अनुसार एक हजार लोगों पर एक डॉक्टर होना चाहिए। अनुप्रिया पटेल ने लिखित जवाब में कहा, राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग के अनुसार जुलाई 2024 तक राज्य चिकित्सा परिषदों और राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) के साथ 13,86,136 एलोपैथिक डॉक्टर पंजीकृत हैं। इसके साथ ही देश में लगभग 5.65 लाख आयुष डॉक्टर भी हैं। इस तरह यह अनुपात डब्ल्यूएचओ के मानक से बेहतर है। उन्होंने यह भी कहा कि देश में 731 मेडिकल कॉलेज हैं, जिनमें सालाना 1,12,112 एमबीबीएस सीटें हैं। इसके अलावा, 72,627 पीजी सीटें भी हैं।



आयुष्मान भारत के तहत 29 हजार अस्पताल हुए सूचीबद्ध

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने शुक्रवार को लोकसभा को बताया कि गत 30 जून तक 12,625 निजी सहित 29 हजार से अधिक अस्पतालों को 'आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत सूचीबद्ध किया गया है। सभी सूचीबद्ध अस्पतालों ने अपनी-अपनी राज्य स्वास्थ्य एजेंसियों (एसएचए) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। पैनल में शामिल अस्पतालों द्वारा इलाज से इनकार करने या योजना से संबंधित किसी अन्य मुद्दे के संबंध में लोग वेब आधारित पोर्टल केंद्रीकृत शिकायत निवारण प्रबंधन प्रणाली (सीजीआरएमएस), केंद्रीय और राज्य कॉल सेंटर पर शिकायतें दर्ज करा सकते हैं।

लू से अब तक 374 लोगों की मौत

देश में इस साल एक मार्च से 27 जुलाई के बीच लू ने 374 लोगों की जान ली। हालांकि, इस अवधि में देशभर में लू संबंधित मौतों के 67,637 संदिग्ध मामले सामने आए। स्वास्थ्य राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने शुक्रवार को लोकसभा में ये जानकारी दी। अनुप्रिया पटेल ने बताया, उत्तर प्रदेश 52 मौतों के साथ लू से सबसे ज्यादा प्रभावित राज्य रहा। इसके बाद बिहार में 37, ओडिशा में 26 और दिल्ली में 25 मौतें दर्ज हुईं। मंत्री ने राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र द्वारा नेशनल हीट-रिलेटेड इलनेस एंड डेथ सर्विलांस के तहत संकलित आंकड़ों के अनुसार यह जानकारी दी। अनुप्रिया पटेल ने लिखित जवाब में कहा कि राज्य और केंद्र शासित प्रदेश 2023 से स्वास्थ्य सूचना पोर्टल पर लू के मामलों और मौतों पर डाटा जमा कर रहे हैं।

किसानों से संपर्क के लिए समिति में तटस्थ नाम सुझाएं : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी । नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को पंजाब और हरियाणा सरकारों से कहा कि वे न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) सहित अन्य मांगों को लेकर शंभू बॉर्डर पर प्रदर्शन कर रहे किसानों से संपर्क करने के लिए एक स्वतंत्र समिति गठित करने के वास्ते कुछ तटस्थ व्यक्तियों के नाम सुझाएं। कोर्ट ने कहा कि किसी को भी स्थिति को बिगाड़ना नहीं चाहिए। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की पीठ ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में लोगों को अपनी शिकायतें व्यक्त करने का अधिकार है और वह सभी पक्षों को शामिल करते हुए बातचीत की एक सहज शुरुआत चाहता है। ये शिकायतें अपने स्थान पर रहकर भी व्यक्त की जा सकती हैं। शीर्ष अदालत पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती देने वाली हरियाणा सरकार की याचिका पर सुनवाई कर रही है, जिसमें राज्य सरकार को एक सप्ताह के भीतर अंबाला के पास शंभू बॉर्डर पर बैरिकेड हटाने के लिए कहा गया था, जहां प्रदर्शनकारी किसान 13 फरवरी से डेरा डाले हैं।

समान नाम सुझाना बेहतर: पीठ ने राज्यों से समिति में शामिल किए जा सकने वाले लोगों के कुछ नाम सुझाने को कहा। उसने कहा कि देश में बहुत अनुभवी हस्तियां हैं, जो समस्याओं के बारे में अच्छी तरह से जानते हैं। अगर आप दोनों समान नाम सुझा सकें तो हम इसका स्वागत करेंगे क्योंकि इससे किसानों में अधिक आत्मविश्वास पैदा होगा।

किसानों को समझाने की कोशिश करें

पीठ ने कहा, उनकी (किसानों) भावनाओं को ठेस न पहुंचाएं, लेकिन एक राज्य के रूप में आप उन्हें समझाने की कोशिश करें। जहां तक ट्रैक्टरों, जेसीबी मशीनों और अन्य कृषि उपकरणों का सवाल है, उन्हें उन जगहों पर ले जाएं जहां उनकी जरूरत है जैसे खेत या कृषि भूमि में।